हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, रविवार 23 फरवरी 2025


तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री

न्यूनतम 17.9 डिग्री

### नागालैंड से पहुंचे दो हिमालयन भालू



जंगल सफारी के डायरेक्टर के अनुसार तीन दिन पूर्व नागालैंड जू से दो हिमालयन भालू लाया गया है। अफसर के अनुसार दोनों हिमालयन भालू को अभी कोरेंटाइन में रखा गया है। हिमालयन भालू को जल्द ही बाड़े में शिफ्ट किया जाएगा।

### वन्यजीव प्रेमियों का यह कहना है

वंतारा जू से यजीवों की अदला-बदली को लेकर वन्यजीव प्रेमी नाराज हैं। वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी का कहना है कि मरवाही से रेस्क्यू किया गया सफेद भालू पूरी तरह से स्वस्थ्य है, तो उसे जू में रखे जाने के बजाय उसके मूल रहवास क्षेत्र में छोड़ देना चाहिए। वन्यजीव प्रेमी वंचना लाबान का इस संबंध में कहना है कि जोड़े में रह रहे सफेद भालू को अलग करने से उनमें हताशा की स्थिति उत्पन्न होगी। वंचना ने भी दोनों सफेद भालुओं को उनके प्राकृतिक रहवास में छोड़े जाने की बात की है।

# ये कैसी अदला-बदली, दुर्लभ सफेद भालू के बदले अंबानी के जू से लाएंगे जेब्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर


जंगल सफारी में नागालैंड जू से जहां दो नए मेहमान हिमालयन भालू लाए गए हैं, पर अनंत अंबानी के गुजरात जामनगर स्थित जू वंतारा से सफेद भालू के बदले जेब्रा तथा मीरकैट की अदला बदली विवादों में आ गई है। जंगल सफारी तथा वनतारा प्रबंधन के बीच जो पूर्व में वन्यजीवों की अदला-बदली करने सहमति हुई थी, उसमें सफेद भालू की जगह सामान्य भालू देने सहमति हुई थी। ऐसे में जेब्रा तथा मीरकैट के बदले सफेद भालू दिए जाने को लेकर वन्यजीव प्रेमी सवाल खड़ा कर रहे हैं। गैरतलब है कि जंगल सफारी प्रबंधन के साथ वंतारा जू शुरू होने के पूर्व आठ मई 2020 को वन्यजीवों की अदला-बदली करने सहमति हुई थी।

### छत्तीसगढ़ के इस जंगल में पाए जाते हैं सफेद भालू

वन्यजीवों के जानकारों के मुताबिक सफेद भालू रहने को सामान्य भालू की तहत ही है, लेकिन जेनेटिक कारणों से सामान्य भालू का रंग काला की जगह सफेद हो गया है। सफेद भालू छत्तीसगढ़ के मरवाही के जंगल में ही पाए जाते हैं। इस वजह से सफेद भालू की गिनती रेयर प्रजाति के वन्यजीव में होती है। मरवाही के जंगल में वर्तमान में 25 के करीब सफेद भालू हैं।

### जंगल सफारी में नागालैंड जू के दो हिमालयन भालू बने नए मेहमान





### अफसर बोले- प्रक्रिया प्रोसेस में

वन्यजीवों की अदला बदली को लेकर जंगल सफारी के डायरेक्टर धमशील गणवीर ने पुष्टि की है। अफसर का कहना है कि वंतारा से जेब्रा तथा मीरकैट के बदले एक सफेद भालू दिया जाएगा। अफसर ने वन्यजीवों की अदला बदली प्रोसेस में होने की जानकारी दी है। साथ ही अफसर ने जल्द ही वन्यजीवों की अदला-बदली करने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**रायपुर।** आमानाका थाना क्षेत्र में ट्रक ड्राइवर ने लापरवाही रांग साइड तेज रफ्तार ट्रक चलाते हुए बाइक सवार दो लड़कों को रौंद दिया। ट्रक की चपेट में आने से दोनों युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार तेंदुआ मोड़ के पास ट्रक सीजी-04 एलई 0816 के चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए अरमान चतुर्वेदी तथा यशवंत मारको को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक की चपेट में आए दोनों युवक के सिर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई।

### झूठा अनुभव प्रमाणपत्र ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में पीएचई (जल जीवन मिशन) के कार्यपालन अभियंता ने झूठा अनुभव प्रमाणपत्र देकर ठेका हासिल करने वाले ठेकेदार के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरिमंगल सिंह ने मूलतः महाराष्ट्र, पुणे निवासी मेसर्स विजय वी. सालूखे के संचालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। हरिमंगल ने पुलिस को बताया कि संबंधित ठेकेदार ने बिलासपुर में ठेका हासिल करने ऑनलाइन झूठा अनुभव प्रमाणपत्र जमाकर ठेका हासिल की।

### शेयर कारोबारी से 56 लाख की ठगी

**रायपुर।** मुजगहन थाने में ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग करने वाले एक कारोबारी ने अज्ञात के खिलाफ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 56 लाख रुपए ठगी करने के साथ धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डूंडा शिव विहार कॉलोनी निवासी नीरज वर्मा ने हेम सेक्यूरिटीज कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। नीरज ने पुलिस को बताया कि सिक्यूरिटीज कंपनी ने उसे अपने वाट्स एप ग्रुप में जोड़कर शेयर ट्रेडिंग में 5 से 30 प्रतिशत मुनाफा मिलने का झांसा देकर किस्तों में 56 लाख रुपए की ठगी की है। रकम वापस मांगे जाने पर जालसाज ने नीरज से और 22 लाख रुपए ट्रांसफर करने कहा। पैसे जमा नहीं करने पर नीरज के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है।

## प्रदेश के सभी जिलों में समाज कल्याण विभाग में दिव्यांगों के थोक में आवेदन लंबित

# दिव्यांगों में किसी को सुनने की मशीन चाहिए तो कोई मांग रहा कर्ज, फंड नहीं, इसलिए अर्जियां डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में तत्कालीन कांग्रेस शासन काल में दिव्यांगों का सर्वे किया गया था। इस सर्वे के बाद प्रदेशभर में 40 प्रतिशत दिव्यांगता की श्रेणी में आने वाले 273039 दिव्यांगजनों के नाम ऑनलाइन पंजीकृत किए गए हैं। इन पंजीकृत दिव्यांगों में 262047 दिव्यांजनों को यूडीआईडी कार्ड भी जनरेट किए जा चुके हैं। इन दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड जनरेट तो हुए पर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल नहीं पा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में बड़ी संख्या में दिव्यांजनों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए आवेदन किए हुए हैं। इनमें कोई कम सुनवाई देने के कारण कान की मशीन, कोई ट्राई ▶▶|शेष पेज 11 पर

### 273039 दिव्यांग पंजीकृत, इनमें 262047 को यूडीआईडी कार्ड जनरेट

### स्वरोजगार उपलब्ध कराने ऋण योजनाएं भी ठंडे बस्ते में

पंजीकृत पात्र दिव्यांगजनों के लिए समाज कल्याण विभाग अंतर्गत स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न स्कीम के तहत ऋण देने का भी प्रावधान है। इसके तहत बिक्री व्यापार क्षेत्र में लघु व्यवसाय लगाने एवं सेवा क्षेत्र में लघु व्यवसाय लगाने के लिए 5-5 लाख रुपए, कृषि क्रियाकलापों, वाहन क्रय करने, मानसिक मंदता से ग्रसित व्यक्तियों के स्वरोजगार के लिए 10-10 लाख रुपए, लघु औद्योगिक इकाई स्थापित करने के लिए 25 लाख रुपए तथा शिक्षा-प्रशिक्षण के लिए 10 लाख से लेकर 20 लाख रुपए तक ऋण न्यूनतम दर पर ऋण देने का प्रावधान है।



### सरकारी योजनाओं का लाभ मिल नहीं पा रहा

प्रदेश के सभी जिलों के विभागों में सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए हमारे साथियों ने आवेदन किए हैं, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कभी फंड जारी नहीं हुआ है, कभी सामानों की खरीदी नहीं हुई है तो कभी प्रस्ताव लंबित है का हवाला देकर उन्हें वापस लौटा दिया जाता है। कई साथियों ने ऋण योजना के लिए भी आवेदन दिए हैं, जो महीनों से लंबित है।

**- डोमेन बया,** अध्यक्ष, सर्व दिव्यांग संघ छत्तीसगढ़

### जिलेवार पंजीकृत एवं यूडीआईडी कार्ड जनरेट दिव्यांगों की संख्या

| जिला | पंजीकृत | यूडीआईडी कार्ड जनरेट |
|---|---|---|
| बेमेतरा | 4997 | 4897 |
| बालोद | 6168 | 5972 |
| सूरजपुर | 5262 | 4931 |
| राजनांदगांव | 17632 | 17556 |
| सुकमा | 3259 | 3244 |
| दुर्ग | 17118 | 16684 |
| नारायणपुर | 1189 | 1128 |
| कांकेर | 12039 | 11940 |
| बीजापुर | 2649 | 2506 |
| मुंगेली | 9451 | 9254 |
| बलरामपुर | 8676 | 8478 |
| धमतरी | 9819 | 9259 |
| कोरबा | 8185 | 7851 |
| जांजगीर-चांपा | 15585 | 14879 |
| कोंडागांव | 8427 | 8033 |

▶▶|शेष पेज 11 पर

## प्रभावित रहेगा बिलासपुर रायपुर रेलमार्ग, नहीं चलेंगी पांच लोकल ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बैंकुठपुर एवं सिलयारी सेक्शन के बीच गर्डर चढ़ाने लिए जाने वाले ट्रैफिक कम पावर ब्लाक की वजह बिलासपुर-रायपुर रूट में पांच लोकल ट्रेनों की आवाजाही अलग-अलग दिन प्रभावित रहेगी। इसके साथ ही 26 फरवरी और 19 मार्च को झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से आगे नहीं बढ़ेगी।



■ बैकुंठ-सिलयारी सेक्शन में ट्रैफिक कम पॉवर ब्लॉक

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत बैकुंठ-सिलयारी सेक्शन में जलसों किरना फाटक संख्या 404 पर 26, 27 एवं 28 फरवरी को रिलीविंग गर्डर की लॉचिंग के लिए डाउन और अप लाइन में अलग-अलग समय ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसकी वजह से उस अवधि में उस रूट से गुजरने वाली लोकल और पैसेंजर ट्रेन का संचालन नहीं हो पाएगा। इसमें 26 फरवरी और 19 मार्च को बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर का संचालन प्रभावित रहेगा। बिलासपुर-गेवरा रोड के बीच आवाजाही करने वाली पैसेंजर ट्रेन भी इस दिन नहीं चलेगी। गेवरा-रोड बिलासपुर के बीच यात्री को सफर की सुविधा देने वाली पैसेंजर ट्रेन भी रद्द रहेगी।

## देवेंद्र की रिहाई पर सड़क जाम कर जश्न, विधायक समेत 13 पर जुर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार हिंसा मामले में शुक्रवार को भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की रिहाई की खुशी में सड़क जाम कर जश्न मनाने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ गंज थाने की पुलिस ने रोड जाम करने के आरोप में अपराध दर्ज किया है। जिन लोगों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है, उनमें देवेंद्र यादव सहित 13 कांग्रेसी नेताओं के साथ अन्य के खिलाफ पुलिस ने अपरध दर्ज किया है।

एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक जेल के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाइश दी गई, बावजूद इसके सैकड़ों की संख्या में लोगों ने मार्ग बाधित कर प्रदर्शन किया। इस वजह से प्रदर्शनकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। कांग्रेस नेताओं के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर जश्न मनाने और कानून व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने का आरोप है।

### कानून व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप


सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर देवेंद्र यादव जेल से रिहा कार्यकर्ताओं का उमड़ा हुजूम

### एक घंटे से ज्यादा रोड जाम

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर देवेंद्र यादव की जेल से रिहाई हुई। देवेंद्र की रिहाई की जानकारी मिलने पर सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता दोपहर तीन बजे के बाद जेल परिसर के बाहर जुटने लगे। इस दौरान पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जाने के लिए कहा। बावजूद इसके कार्यकर्ता मौके पर डटे रहे। इसके चलते पुलिस को रूट डायवर्ट करना पड़ा। लोगों को ट्रैफिक जाम से एक घंटे से ज्यादा समय तक परेशान होना पड़ा। इस दौरान धक्का-मुक्की की स्थिति निर्मित हुई, इस दौरान कुछ लोगों को चोटें भी आईं।

### एफआइआर में इनके नाम

- देवेंद्र यादव (कांग्रेस विधायक)
- सुबोध हरितवाल (पीसीसी महामंत्री)
- आकाश शर्मा (यूथ कांग्रेस अध्यक्ष)
- शांतनु झा, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष
- शोएब ढेबर
- अतीक मेमन
- फराज
- फरदीन खोखर
- अनवर हुसैन
- शेख वसीम
- नीता लोधी
- बाबी पांडे
- शिबली मेराज खान

**विधायक के खिलाफ इसलिए अपराध दर्ज :** जेल से रिहाई के बाद देवेंद्र यादव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ जश्न में शामिल होने के साथ ही खुली कार में खड़े होकर बीच सड़क पर 20 मिनट से ज्यादा समय तक सभा को संबोधित किया। इसलिए पुलिस ने देवेंद्र यादव के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## रात से दोगुना दिन का तापमान दिनभर गर्मी ने किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ उत्तर की हवा रात में बढ़ाएगी थोड़ी ठंडकता

राजधानी में रात की तुलना में दिन का तापमान दो गुना हो गया है। तेज धूप की वजह से शनिवार को दिनभर गर्मी लगती रही। हालांकि रात में ठंडकता महसूस हुई है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने तथा उत्तरी हवा के आने से रात को ठंडकता थोड़ी और बढ़ेगी। पिछले चौबीस घंटे में केवल बीजापुर में ही बूंदाबांदी हुई है।

प्रदेश में अभी गर्मी का मौसम पूरी तरह नहीं आया है। रात्रि में ठंडकता मौजूद है, जिसमें उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। इस बात का अनुमान लगाया जा रहा है कि तापमान के कम ज्यादा रहने की स्थिति मार्च के दूसरे पखवाड़े तक बनी रह सकती है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


## रीएजेंट घोटाला, अनुशंसा के बाद भी दवा कार्पोरेशन से नहीं हटे दागी अफसर जांच प्रभावित होने की आशंका


ईओडब्लू ने अफसरों से पूछा- बिना पड़ताल कैसे दी रीएजेंट, उपकरण खरीदी की सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी में हुए करीब 660 करोड़ के रीएजेंट और उपकरण घोटाले में दागी अफसरों पर अब तक विभागीय स्तर पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई है। और तो और एमडी की अनुशंसा के बाद भी ईओडब्लू की जांच के दायरे में आए कुछ अफसरों को भी अब तक नहीं हटाया गया है।

### प्रभावित हो रहा काम

रीएजेंट और अन्य उपकरणों की खरीदी और सप्लाई का बड़ा घोटाला सामने आने के बाद सीजीएमएससी से संबंधित अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। आवश्यक दवाओं और उपकरणों की सप्लाई करने वाली अन्य एजेंसी नया टेंडर जारी होने का इंतजार कर रही है, वहीं कई अपना पुराना भुगतान मिलने का इंतजार कर रही है। इस प्रकरण के सामने के बाद सीजीएमएससी के कार्यालय में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और सामान्य लोगों का बिना परमिशन आना-जाना प्रतिबंधित कर दिया गया है।

**दूसरी गिरफ्तारी नहीं :** मामले की जांच कर रही ईओडब्लू की टीम ने त्वरित एक्शन दिखाते हुए मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार किया था। पूछताछ पूरी होने के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया था। प्रकरण में अब तक दूसरी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है, जबकि एफआईआर में मोक्षित कार्पोरेशन के अलावा सीजीएमएससी और स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़े अधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया था।




**खबर संक्षेप**

## कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर द्वेषपूर्वक राजनैतिक कार्रवाई



**रायपुर।** केंद्रीय जेल में बलौदाबाजार मामले में बंद कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को जमानत पर रिहा किए जाने पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत से रोड जाम होने के मामले में 13 नेताओं पर एफआईआर दर्ज किए जाने के मामले में सियासत गरमा गई है। प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल ने कहा, ये एफआईआर राज्य सरकार की द्वेषपूर्ण राजनैतिक कार्रवाई है। ऐसी किसी कार्रवाई से हम ना डरे थे ना आगे डरेंगे।

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से 21 मार्च को आहूत किया गया है। कांग्रेस विधायक दल की बैठक 24 फरवरी 2025 को शाम 6 बजे शांति नगर स्थित नेता प्रतिपक्ष के निवास पर रखी गई है। बैठक में विधायक दल के नेता डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में सत्र में उठाए जाने वाले मामलों की रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में बजट सत्र से संबंधित मामलों में सरकार को घेरने की रणनीति पर विधायकों से चर्चा कर उन्हें कार्य सौंपे जाएंगे।

## 24 घंटे दुकानें खोलने पर बैज ने उठाए सवाल

**रायपुर।** राज्य में 24 घंटे दुकानें खुली रखने के निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यह सरकार दिन में तो लोगों को सुरक्षा नही दे पा रही है। रोज हत्याएं, चाकूबाजी, डकैती की घटनाएं की हो रही हैं। लोग घर से बाहर निकलते हैं, तो कौन से चौराहे पर कौन नशेड़ी व्यक्ति चाकू मार देगा, इसकी कोई गारंटी नही है। महिलाएं रात को घर से बाहर निकलने को डरती हैं। सरकार बताये रात में जब दुकानें खुलेंगी, तो आम आदमी और व्यापारियों की सुरक्षा की गारंटी कौन लेगा?

# नगर निगमों में अब सभापतियों को लेकर कवायद, हर निगम से दावेदारों के तीन-तीन नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के दस नगर निगमों में भाजपा के महापौर बन गए हैं। अब भाजपा सभी निगमों में अपने सभापति भी बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। इसके लिए सभी निगमों के लिए भाजपा ने पर्यवेक्षक भी नियुक्त कर दिए हैं। इसी के साथ हर निगम से दिग्गज पार्षदों से नाम भी सामने आ रहे हैं। रायपुर से पहले दावेदार सूर्यकांत राठौर हैं। इसी के साथ मनोज वर्मा और सरिता दुबे का भी नाम चल रहा है। ज्यादातर निगमों में तीन-तीन दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं।

नगरीय निकाय चुनाव के इतिहास में इस बार भाजपा ने बड़ी जीत प्राप्त की है। जहां सभी निगमों में भाजपा के महापौर प्रत्याशी जीते हैं, वहीं ज्यादातर निगमों में भाजपा के पार्षद भी बड़ी संख्या में जीते हैं। राजधानी के निगम में पहली बार भाजपा के 60 पार्षद जीते हैं। सभी निगमों में भाजपा का बहुमत है। ऐसे में सभी निगमों में भाजपा के ही सभापति बनने तय है।

**राजधानी रायपुर से सूर्यकांत राठौर, मनोज वर्मा और सरिता दुबे का नाम**

### रायपुर में तीन दावेदार

रायपुर निगम में तीन पार्षद सभापति के लिए दावेदार है। इसमें पहले नाम पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर का है। उनका दावा मजबूत माना जा रहा है। इसी के साथ मनोज वर्मा और सरिता दुबे का भी नाम है। इन तीन नामों से एक नाम प्रदेश का भाजपा संगठन तय करेगा और उनको ही सभापति बनाया जाएगा। सूर्यकांत राठौर 5वीं बार पार्षद बने हैं। निगम में सीनियर पार्षद होने के साथ ही वे तेज तर्रार नेता हैं। निगम के प्रावधानों की भी अच्छी जानकारी रखते हैं। वहीं, मनोज वर्मा पिछले कार्यकाल में उपनेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इस बार सभापति की रेस में हैं। सरिता दुबे के नाम की भी चर्चा है। महापौर पद को लेकर भी उनके नाम की चर्चा थी।



### रायगढ़ में भी तीन दावेदार

रायगढ़ में सभापति को लेकर सुरेश गोयल, पूनम सोलंकी और डिग्री साहू के नाम की चर्चा है। सुरेश गोयल पिछले करीब 45 सालों से राजनीति में सक्रिय हैं। वे तीन बार पार्षद और एक बार सभापति का प्रभार भी संभाल चुके हैं। सुरेश नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं। इसके अलावा 18 नंबर वार्ड की पार्षद पूनम सोलंकी, जो इस बार निर्विरोध निर्वाचित हो चुकी हैं। उनका नाम भी सभापति की रेस में है।

### दुर्ग के दावेदार

दुर्ग में सभापति को लेकर सबसे अधिक चर्चा कांशीराम कोसरे, लीना दिनेश देवांगन और नरेंद्र बंजारे के नाम पर चल रही है। कांशीराम कोसरे लगातार 5वीं बार पार्षद बने हैं। महापौर कुर्मी समाज हैं, इसलिए कोसरे के सभापति बनने के असार अधिक है। लीना दिनेश देवांगन भी 5वीं बार पार्षद बनी है। उन्हें काफी अनुभव भी है। इसके अलावा, नरेंद्र बंजारे चौथी बार पार्षद बने हैं। वो केंवट समाज से आते हैं। भाजपा इस समाज को भी साध सकती है।

### धमतरी में भी तीन नाम

धमतरी से सभापति के लिए 3 नाम आगे चल रहे हैं। नीलेश लुनिया भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल महामंत्री रहे हैं। वो दूसरी बार पार्षद बने हैं। इसके अलावा, नवनिर्वाचित पार्षद ताल्लिनपुरी गोस्वामी और मेघराज सिंह ठाकुर भी रेस में हैं।

### कोरबा में मंत्री लखन देवांगन के भाई दावेदार

कोरबा में सभापति के लिए मंत्री लखनलाल देवांगन के भाई नरेंद्र देवांगन, पूर्व नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, पूर्व सभापति और पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चावलानी, तीसरी बार पार्षद बने चंद्रलोक सिंह, नूतन सिंह ठाकुर और लक्ष्मण श्रीवास के नाम की चर्चा है।

### अंबिकापुर में आलोक दुबे पहले नंबर पर

अंबिकापुर में सभापति के लिए 5 बार के पार्षद आलोक दुबे का नाम सबसे आगे चल रहा है। सीनियर और कानून के जानकार हैं। दूसरी बार पार्षद बने मनीष सिंह भी रेस में है। इनका परिवार जनसंघ से जुड़ा रहा है। हरमिंदर सिंह लगातार तीसरी बार पार्षद चुने गए हैं। पहली बार ये निर्दलीय लड़े थे।

### बिलासपुर में महिला सभापति संभव

बिलासपुर में जिस तरह से भाजपा ने ओबीसी प्रत्याशी के लिए पूजा विधानी का नाम फाइनल किया। उसी तरह से सभापति के लिए भी नए नाम पर विचार किया जा सकता है। इसमें महिला पार्षद को भी सभापति बनाया जा सकता है। ऐसा कर भाजपा महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को पार्टी में महत्व देने जैसी बातों को भुना सकती है। लेकिन सभापति के लिए जो भी नाम तय किए जाएंगे, उसमें विधायक अमर अग्रवाल की पसंद का ख्याल रखा जाएगा। जाहिर है कि पूजा विधानी की तरह सभापति के लिए भी अमर अग्रवाल के करीबी का नाम फाइनल हो सकता है। यह अलग बात है कि, सभापति के लिए जिले के बाकी विधायक भी लाबिंग कर सकते हैं।

पालिकाओं और नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष बनाने भी पर्यवेक्षकों का ऐलान

# नगर निगमों में सभापति के चुनाव के लिए भाजपा ने तय किए पर्यवेक्षक

**रायपुर का जिम्मा धरमलाल कौशिक को**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के दस नगर निगमों में भाजपा के महापौर बने हैं। अब प्रदेश भाजपा संगठन ने निगमों में सभापति तय करने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्ति किए हैं। रायपुर का जिम्मा धरमलाल कौशिक को दिया गया है। इसी के साथ नगर पालिकाओं-नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए भी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

भाजपा नगरीय निकाय चुनाव समिति के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सिंह सवन्नी ने बताया बिलासपुर का संतोष पाण्डेय, कोरबा का पुरंदर मिश्रा, रायगढ़ का ललित चंद्राकर, अम्बिकापुर का शिवरतन शर्मा, चिरमिरी का गोमती साय, रायपुर का धरमलाल कौशिक, धमतरी का मोतीलाल साहू, दुर्ग का संजय श्रीवास्तव, राजनांदगांव का रूपकुमारी चौधरी और जगदलपुर का नारायण चंदेल को पर्यवेक्षक बनाया गया है।



### पालिकाओं में इनको बनाया पर्यवेक्षक

आरंग-चंदूलाल साहू, तिल्दा - संतोष उपाध्याय, मंदिरहसौद - ओमप्रकाश देवांगन, अभनपुर - रंजना साहू, गोबरा-नवापारा - अंजय शुक्ला, बलौदाबाजार - जयंती पटेल, भाटापारा - देवजीभाई पटेल, सिमगा - सुभाष तिवारी, गरियाबंद - किशोर महानंद, महासमुन्द - प्रफुल्ल विश्वकर्मा, बागबाहरा - श्रीचंद सुंदरानी, सरायपाली - अवधेश जैन, अहिवारा - संदीप शर्मा, अमलेश्वर - राजीव अग्रवाल, कुम्हारी - डॉ. सियाराम साहू, बेमेतरा - प्रदीप गांधी, बालोद - रिकेश सेन, दल्लीराजहरा - शंकर अग्रवाल, डोंगरगढ़ - लाभचंद बाफना, कवर्धा - लोकेश कावड़यि, पण्डरिया - गौरीशंकर श्रीवास, कांकेर - अभिषेक शुक्ला, कोण्डागांव - डॉ. सुभाऊ कश्यप, नारायणपुर - शालिनी राजपूत, दंतेवाड़ा - बृजमोहन देवांगन, किरन्दुल - सत्यजीत सिंह चौहान, बड़े बचेली - बैदूराम कश्यप, सुकमा - विधाशरण तिवारी, बीजापुर - लच्छुराम कश्यप, रतनपुर - डॉ. खिलावन साहू, बोदरी - गुलाब चंदेल, तखतपुर - दुर्गा महेश्वर, गौरेला - शैलेष शिवहरे(कोरिया), पेण्ड्रा - सुशांत शुक्ला, लोरमी - किशोर राय, मुंगेली - अवधेश चंदेल, सक्ती - जोगेश लाम्बा, जांजगीर-नैला - प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, चांपा - विजय अग्रवाल, अकलतरा - विकास महतो, दीपका - राकेश तिवारी, कटघोरा - हर्षिता पाण्डेय, बांकीमोंगरा - दिनेश सिंह, खरसिया - संयोगिता सिंह जूदेव, जशपुरनगर - निर्मला सिन्हा, सूरजपुर - अम्बिकेश केशरी, बलरामपुर - ओमप्रकाश सिन्हा, रामानुजगंज - अखिलेश सोनी, मनेन्द्रगढ़ का रितेश गुप्ता को पर्यवेक्षक बनाया गया है। इसी के साथ नगर पंचायतों के लिए भी पर्यवेक्षक बनाए गए हैं।

# डेढ़ दशक बाद शहरी सत्ता में भाजपा का महापौर 27 को इंडोर स्टेडियम में शपथग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे के साथ, 70 निवार्चित पार्षद होंगे शामिल
- बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम में दोपहर 3 बजे से भव्य समारोह

प्रदेश के सबसे बड़े नगरीय निकाय चुनाव में डेढ़ दशक बाद शहरी सरकार में भाजपा का महापौर निर्वाचित होने के बाद 27 फरवरी को बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित है। भव्य समारोह में शहर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे सहित 70 वार्डो के निर्वाचित पार्षद शपथ लेंगे। दोपहर 3 बजे से आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम क्षेत्र विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत, दक्षिण क्षेत्र विधायक सुनील सोनी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू सहित संगठन के बड़े नेता शामिल होंगे।

रायपुर नगर निगम में भाजपा ने इस बार के निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। 15 साल बाद नगर निगम में भाजपा की महापौर चुनी गई है। मीनल चौबे शहर के दूसरी महिला महापौर के रूप में 27 फरवरी को दोपहर 3 बजे महापौर पद की शपथ लेंगी। उनके साथ 70 वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद शपथ ग्रहण करेंगे। इस बार 70 में से 60 पार्षद भाजपा के हैं, जबकि कांग्रेस से 7 और निर्दलीय 3 निर्वाचित पार्षद शामिल हैं। निगम चुनाव में भाजपा ने बड़ी सफलता हासिल की है, इसलिए शपथ ग्रहण समारोह को भव्य रूप देने की तैयारी है। शपथ ग्रहण के बाद रायपुर नगर निगम की पहली सामान्य सभा होगी। प्रदेश के नगर निगमों में अब सभापति का चुनाव किया जाना है। भाजपा ने इसके लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किये हैं। रायपुर नगर निगम में सभापति चुनने की जिम्मेदारी धरमलाल कौशिक को दी गई है। महापौर मीनल चौबे के शपथ लेने के बाद वे एमआईसी का गठन करेंगी। साथ ही दस जोन के लिए एक-एक जोन अध्यक्ष की नियुक्ति की जायेगी।

शिक्षा भूमि

Admissions Open 2025-26



2025-26
प्रवेश प्रारम्भ

**बोर्ड परीक्षा की तैयारी कैसे करें :-**

बोर्ड परीक्षा की तैयारी करना एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके लिए सही योजना और मेहनत की आवश्यकता होती है। नीचे कुछ प्रभावी सुझाव दिए गए हैं जो आपको परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने में मदद करेंगे।

1. **समय प्रबंधन करें :-** एक सही टाइम टेबल बनाएं और सभी विषयों को समय दें।कठिन विषयों को अधिक समय दें और आसान विषयों को भी नियमित रूप से दोहराते रहें।
2. **सिलेबस को अच्छे से समझें :-** बोर्ड द्वारा जारी सिलेबस को ध्यानपूर्वक पढ़ें और महत्वपूर्ण विषयों को चिन्हित करें। पाठ्यक्रम के अनुसार तैयारी करें ताकि कोई टॉपिक छूट न जाए।
3. **नियमित रूप से पढ़ाई करें:-** प्रतिदिन पढ़ाई करने की आदत डालें। छोटे-छोटे ब्रेक लेकर पढ़ाई करें ताकि ध्यान केंद्रित रहे।
4. **नोट्स बनाएं :-** पढ़ते समय महत्वपूर्ण बिंदुओं के नोट्स बनाएं।शॉर्ट नोट्स और माइंड मैप्स बनाकर उन्हें बार-बार दोहराएं।
5. **मॉडल पेपर और पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र हल करें :-** पुराने प्रश्न पत्र हल करने से परीक्षा पैटर्न का अंदाजा होगा।मॉक टेस्ट देकर अपनी स्पीड और उत्तर लिखने की क्षमता बढ़ाएं।
6. **संशोधन (Revision) करें :-** परीक्षा से पहले कम से कम 2-3 बार पूरा सिलेबस दोहराएं।कठिन टॉपिक्स को प्राथमिकता दें।
7. **स्वास्थ्य का ध्यान रखें :-** पर्याप्त नींद लें और संतुलित आहार खाएं। तनाव से बचने के लिए योग और ध्यान करें।

अगर आप इन बातों का पालन करेंगे, तो निश्चित रूप से बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अधिक मेहनत और आत्मविश्वास के साथ तैयारी करें!

Contact for ad 7987119756

ADMISSIONS OPEN
ENROLL NOW
AVES
ANGELS VALLEY ENGLISH SCHOOL AMLIDIH RAIPUR
ANGELS VALLEY ENGLISH SCHOOL





Branch-1 : Gomti Vihar, Amlidih, Raipur (C.G.)
Ph. : 0771-4045151, +91-98267-50290
Branch-2 : Mahatma Gandhi Nagar, Near Police Colony, Amlidih, Raipur (C.G.)
Ph. : 0771-4912151, +91-98267-50290
avesmgnagar@yahoo.com
"Your KIDS DESERVE THE BEST EDUCATION"

KENT INTERNATIONAL SCHOOL
C.B.S.E. AFFILIATION NO. 3330358
Session 2025 - 2026
CHOOSE THE BEST FOR YOUR CHILD
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH C.B.S.E BOARD
www.kentinternationalschool.in
सम्पूर्ण भारत में सी.बी.एस.ई. के समान पाठ्यक्रम से अध्यापन
50,000 से 1,00,000 रू. तक बचत
जेईई मेन्स 2025 अचीवर्स





व्यक्तिगत रुप से स्वयं मिले-
रायपुरा अमलेश्वर मार्ग, तिरंगा चौक रोड, ग्राम झीट
मो. 7880111062,8085123639
KENT KIDS ACADEMY
चौरसिया कॉलोनी (मस्जिद के पास), रायपुर (छ.ग.), मो. 7880111063
प्रवेश हेतु समय
प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक

From AM To PM
Learning Never Stops!
THE GREAT INDIA SCHOOL
AFFILIATED WITH CBSE DELHI | RECOGNIZED AS A NEW SAINIK SCHOOL BY SAINIK SCHOOL SOCIETY, MINISTRY OF DEFENCE



CHOOSE THE GREAT INDIA SCHOOL FOR YOUR CHILD'S ILLUSTRIOUS ACADEMIC CAREER
ADMISSIONS OPEN
FOR CLASSES VI-XII
SUBJECTS IN XI-XII
BIO / MATHS, COMMERCE, HUMANITIES
INTEGRATED PREPARATION FOR COMPETITIVE EXAMS
SPECIAL SCHOLARSHIP FOR STUDENTS SECURING MORE THAN 85% MARKS IN LAST CLASS
Things that make us an
IDEAL CO-ED RESIDENTIAL SCHOOL in Chhattisgarh
- Highly trained teachers and AI enabled learning environment.
- Expansive Eco-friendly and learning conducive school campus.
- Special Arrangement for NEET, JEE, CLAT & CUET Preparing Students.
- Pure Veg Food with Our Own Farm & Gaushala.
- Separate Boys & Girls Air Conditioned Hostels.
- National Level Sports facilities with Swimming pool and cricket stadium
Srinathpuram, Godhi, Mandir Hasaud, Raipur, C.G. 96441-29998
www.tgisraipur.com
Embassy

**खबर संक्षेप**

## संत गुरूमुख साहेब का दो दिनी प्रवचन कल से



**आरंग।** ग्राम भानसोज स्थित कबीर आश्रम में 24 फरवरी से दो दिनी प्रवचन का कार्यक्रम रखा गया है। प्रवचनकर्ता बुरहानपुर कबीर निर्णय मंदिर के युवा संत गुरुमुख साहेब होंगे। प्रवचन का समय अपराह्न 3:00 बजे से संध्या 5:30 बजे तक है। उक्त जानकारी कबीर आश्रम भानसोज के संत गुरुपालन साहेब ने दी।

## गौरभाट में कक्षा 5वीं के बच्चों को दी विदाई



**आरंग।** शनिवार को प्राथमिक शाला गौरभाट में चौथी के बच्चों के द्वारा पांचवी के बच्चों को विदाई दी गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कक्षा पांचवी के बच्चों का स्वागत गुलाल लगाकर कक्षा चौथी के बच्चों ने किया और अपने सीनियर साथियों को गिफ्ट दिया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक उत्तम कुमार ध्रुव, संतोषी पटेल, चंद्रशेखर साहू, गोकुल राम चकधरी, विमल नारायण वर्मा, विकास एल्मा एवं पालकगण

### चुनाव : कम मतों से जीत-हार के प्रत्याशी ने प्रमाण सहित की लिखित शिकायत

# मतदान दल के अधिकारियों ने नहीं दिया गणना पत्रक, निर्वाचन अधिकारी से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारियों की बड़े पैमाने में लापरवाही की शिकायतें लेकर क्षेत्र के लोग निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पहुंच रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि मतदान केन्द्रों में गणना के दौरान बुथ एजेंटों का मतगणना के गणना पत्रक नहीं दिया गया एवं कम मतों से जीत-हार के प्रत्याशी प्रमाण सहित लिखित शिकायत निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी को सौंपी गई है। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के जनपद सदस्य प्रत्याशी नीलेश साहू ने लिखित शिकायत में बताया कि बुथ क्रमांक 49 में जिला पंचायत प्रत्याशी का कुल मत 427, सरपंच का कुल मत 432, जनपद सदस्य का 429 मत प्राप्त होना बताया गया है। तीनों प्रत्याशियों में भिन्न-भिन्न आकड़ा प्राप्त हुआ है। इसी तरह बुथ क्रमांक 51 में जनपद प्रत्याशी का मतों की घोषणा कुल मत 528 किया गया था उसके बाद गणना पत्रक में पीठासीन अधिकारी के द्वारा 530 कर दिया गया। जबकि सरपंच प्रत्याशी का इसी बुथ में 528 मतों की गणना प्रमाण पत्र दिया गया है। दोनों बुथ 51 व 49 में मत पत्रों की हेर-फेर कर हारे हुए प्रत्याशी को जीत का प्रमाण पत्र दिया गया है तथा जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के प्रत्याशी ओमप्रकाश साहू का शपथ ग्रहण में रोक लगाने एवं पुनः अवलोकन करने की मांग किया गया है।

### दो प्रत्याशियों के प्राप्त मतों की गणना के आधार पर तीसरे को किया पराजित घोषित




इसी तरह ग्राम पंचायत सातपारा में बुथ क्रमांक 1 से 6 तक के सरपंच पद के प्रत्याशी दया साहू एवं सुनीता साहू के मत पत्रों की गणना किया गया। तीसरे प्रत्याशी चित्ररेखा बुधराम पाल को प्राप्त मतों की गणना न करते हुए दोनों प्रत्याशियों के प्राप्त मतों की गणना के आधार पर तीसरे प्रत्याशी चित्ररेखा पाल पराजित घोषित कर दिया गया। बुधराम पाल ने लिखित शिकायत में बताया है कि बुथ क्रमांक 1 से 6 तक 600 मतदान होना बताया गया है लेकिन वहां दया साहू को 97 मत एवं सुनीता साहू को 167 मत व चित्ररेखा साहू को 326 मत एवं 8 मत रिजेक्ट होना बताया गया है जिसकी कुल संख्या 598 होती है। दोनों प्रत्याशियों द्वारा पीठासीन अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि मतदान दल के अधिकारियों से बार-बार गणना पत्रक मांगने के बाद भी उन्हे नहीं दिया गया जिसकी शिकायत दुरभाष पर अनुविभागीय अधिकारी से गणना के दौरान ही की गई थी। दोनों प्रत्याशियों का आरोप है कि टेबुलेशन के मत के आंकड़ों से अधिक मत दिखाकर प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी को जीत का प्रमाण पत्र दिया गया है इसकी निष्पक्ष जांच की मांग किया है।

### भड़हा पंचायत की वेदिका बनीं सरपंच, विजय यात्रा निकाली



**खरोरा।** तिल्दा विकासखंड के ग्राम पंचायत भड़हा में 20 फरवरी को चुनाव हुआ जिसमे सरपंच प्रत्याशी के रूप मे श्री मति वेदिका अनिल चंद्राकर और श्री मति पुष्पा पुरुषोत्तम सोनी मैदान मे चुनाव लडे जब चुनाव परिणाम घोषित हुआ उस समय श्री मति वेदिका अनिल चंद्राकर को कुल 680 मत प्राप्त हुए, श्री मति पुष्पा पुरुषोत्तम सोनी को कुल 262 मत प्राप्त हुआ, 47मत रिजेक्ट हुआ इस तरह ऐतिहासिक विजय श्री मति वेदिका अनिल चंद्राकर को प्राप्त हुआ, ग्राम वाशी ने खुशी का इजहार करते हुए विजय रैली मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया सभी महिला एवम पुरुष, युवा वर्ग हर्षोल्लश से परिपूर्ण दृश्य नजर आया, एवम सभी अत्यधिक खुश होते हुए विजय रैली मे शामिल हुए, नवनियुक्त सरपंच, पंचागण सभी ग्राम वाशी का आभार एक एक कर प्रकट किए ।

### सरपंच ने निकाला विजय जुलूस



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा से लगे हुए ग्राम पंचायत तुलसी के नवनिर्वाचित सपंच गुलाब आडील ने आज कुछ पंचों के साथ बाजे गाजे के साथ विजई जुलूस निकाला और सभी का मतदाताओं का आभार जाहिर किया। बता दें कि नव निर्वाचित सरपंच गुलाब आडील ने चंद्रकुमार पाटिल को 552 वोटों से पराजित किया है।

## नपा उपाध्यक्ष चुनने संतोष बने तिल्दा नेवरा के पर्यवेक्षक, भाजपा पार्षद कर सकते है क्रॉस वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

नगरीय निकायों के चुनाव के बाद अब उपाध्यक्ष बनाने भाजपा ने अपने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है, तिल्दा नेवरा नगर पालिका में 22 वार्ड हैं, जिसमें भाजपा को 12 वार्डो में सफलता मिली है, 5 पर कांग्रेस एवं 5 पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। तिल्दा नेवरा नगर पालिका उपाध्यक्ष चयन के लिए भाजपा ने संतोष उपाध्याय को अपना पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

वहीं अगर हम पिछले चुनाव की बात करें तो पिछली बार पार्षदों द्वारा अध्यक्ष चुना गया था, उस समय भाजपा के 13 पार्षद, 6 कांग्रेसी, 2 जोगी कांग्रेस के एवं 1 निर्दलीय पार्षद थे। इसके बावजूद महज 6 पार्षद रहते हुए कांग्रेस से नगर पालिका अध्यक्ष अध्यक्ष बना था। एक दिग्गज भाजपाई कहे जाने वाले भाजपा नेता ने उस समय कांग्रेस के लिए काम कर अपने भाजपा पार्षदों को कांग्रेस में वोट देने फरमान जारी करने की बातें भी जमकर चर्चा में रही थी। भाजपा के उच्च संगठन में जमकर शिकायतें की गई लेकिन भारी दबाव के चलते किसी पर भी किसी तरह की कोई कार्रवाई आज तक नहीं की गई। अब उपाध्यक्ष पद के लिए शहर में जोरदार चर्चा है कि एक निर्दलीय प्रत्याशी ने अपने पत्ते खोल दिए हैं और निर्दलीयों, सहित कांग्रेस व भाजपा पार्षदों के संपर्क में है। चर्चा यह भी है कि चुनाव से पहले उसे भाजपा में शामिल करवाने की कोशिश करने वाले भाजपाई भी अंदर से उसके पक्ष में है। वहीं भाजपा से वार्ड 13 की महिला पार्षद पलक सुखवानी को भी उपाध्यक्ष के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि खर्चे के लिए उन्होंने भी अपने पत्ते खोल रखे है।

### सरकारी राशन दुकान में ताला, उल्टे पैर लौट रहे हैं लोग

**सिलयारी।** औद्योगिक क्षेत्र सांकरा में आजकल राशन वितरण को लेकर लोगों में बड़ी नाराजगी है, हर महीने की तरह इस महीने भी राशनकार्ड धारकों को राशन से वंचित हो रहे हैं। ग्राम सांकरा की सरकारी राशन दुकान में राशन नहीं होने के कारण राशन दुकान पर ताला लगा हुआ है। ऐसे में खाद्य विभाग की अनदेखी भी देखी जा सकती है, राशन दुकान के संचालक की मनमानी भी उजागर हो रही है, जिस पर खाद्य विभाग भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## पेज 09 के शेष ...

### दिव्यांगों में किसी को...

साइकिल- व्हील चेयर तो कोई स्वयं की दुकान या व्यापार शुरू करने के लिए कम ब्याज दर पर लोन लेना चाहता है, लेकिन इनमें से किसी भी योजना का लाभ दिव्यांगों को किसी भी जिले में नहीं मिल पा रह है। इसका कारण संबंधित विभागों को पिछले करीब सालभर से फंड ही जारी नहीं किया गया है, जिससे दिव्यांग हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। **रायपुर में थोक में आवेदन लंबित :** रायपुर जिले में पंजीकृत दिव्यांगों की संख्या 15340 है। इनमें से 14480 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड भी जनरेट हुए हैं, जिनमें करीब सौ लोगों ने समाज कल्याण विभाग में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए आवेदन भी किए हुए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा कान की मशीन के लिए आवेदन किए गए हैं। इसके अलावा व्हील चेयर और कुछ ट्राई साइकिल के लिए भी आवेदन किए हैं। ये आवेदन कई महीनों से लंबित हैं।

**सर्वे में दिव्यांगों की संख्या बढ़ी :** प्रदेश में दिव्यांगता का वर्ष 2011 में सर्वे हुआ था। इसके बाद वर्ष 2022 में नए सिरे से सर्वे कराया गया है। इससे पहले 7 दिव्यांगता वाले लोगों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता था, लेकिन भारत सरकार ने दिव्यांगता की सूची में एसिड, बौनापन, रक्त संबंधी एवं गंभीर बीमारी सहित 14 नए लक्षण वाले दिव्यांगों को भी शामिल किया था। इस तहत प्रदेश में 21 लक्षण वाले दिव्यांगों की पहचान की गई है। इनमें से 40 प्रतिशत दिव्यांगता की श्रेणी में आने वाले दिव्यांगों को पंजीकृत कर उनका यूडीआईडी कार्ड जनरेट किया जा रहा है। नए लक्षण वाले दिव्यांगों के पहचान होने के कारण किसी कई जिलों में पंजीकृत दिव्यांगों की संख्या बढ़ी हैं।

### जिलेवार पंजीकृत एवं...

| | | |
|---|---|---|
| महासमुंद | 13427 | 12770 |
| दंतेवाड़ा | 4058 | 3433 |
| बस्तर | 10415 | 10019 |
| कोरिया | 8496 | 7526 |
| सरगुजा | 7722 | 7570 |
| रायपुर | 15340 | 14480 |
| रायगढ़ | 16942 | 16483 |
| बिलासपुर | 20343 | 19929 |
| बलौदाबाजार | 10554 | 9304 |
| जशपुर | 12596 | 11745 |
| कबीरधाम | 10813 | 10664 |
| गौरेला-पेंड्रा | 1260 | 1208 |
| खैरागढ़-गंडई | 257 | 248 |
| मोहला-मानपुर | 154 | 137 |
| सक्ती | 315 | 137 |
| भरतपुर-मनेंद्रगढ़ | 436 | 325 |

## पर्यवेक्षक संघ की अध्यक्ष ने वेतन विसंगति की समस्या दूर करने सीएम से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



पर्यवेक्षकों की 30 साल पुरानी वेतन विसंगति की समस्या को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की गई है। छत्तीसगढ़ महिला बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक कल्याण संघ की अध्यक्ष ऋतु परिहार ने मुख्यमंत्री साय से मिलकर समस्या को दूर करने और महिला कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए निवेदन किया है। परिहार ने बताया कि प्रदेश में पर्यवेक्षकों के कुल 1866 पद है, जिसमें केवल महिलाएं ही पदस्थ हैं। समय समय पर विभाग द्वारा इनके वेतनमान में सुधार के लिए अनुशंसा की गई है, किंतु कोई परिणाम नहीं निकला। ऋतु परिहार ने बताया कि इस बार सरकार, महिला सम्मान, उत्थान तथा सशक्तिकरण के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री बेहद संवेदनशील हैं। परिहार ने बताया कि मुख्यमंत्री ने महिलाओं के दर्द को समझा है और इस मामले में शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया है।

## पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण के शुभारंभ में महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**तिल्दा नेवरा।** समीपस्थ ग्राम जोता में 22 फरवरी से 26 फरवरी तक पंच दिवसीय श्री शिव महापुराण का आयोजन समस्त ग्रामवासी जोता द्वारा किया गया है। कथा के प्रथम दिवस शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें नव निर्वाचित ग्राम सरपंच श्री देवेन्द्र वर्मा जी, पूर्व सरपंच श्री मति अमिता रमेश गेंदरे जी, सभी पंच गण सहित समस्त ग्रामवासी शामिल हुए। कथा वाचक आचार्य पंडित नंदकुमार शर्मा जी निनवा वाले ने बड़े ही सरल शब्दों के साथ शिव महापुराण कथा को श्रद्धालुओं को श्रवण कराए. आचार्य जी ने कहा भगवान शिव की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि व आनंद देने वाली है क्योंकि भगवान शिव कल्याण एवं सुख के मूल स्त्रोत हैं। आचार्य जी शंकर शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि शंकर का अर्थ



- कल्याण और कर का अर्थ है करने वाला. वे संपूर्ण विद्याओं के ईश्वर, समस्त भूतों के अधीश्वर, ब्रह्मवेद के अधिपति तथा साक्षात परमात्मा हैं। जो प्राणी भगवान शिव की शरण में चला जाता है, चाहे वह कैसा भी हो, भगवान शिव उसको अपनाकर उसका कल्याण कर देते हैं। भगवान भोलेनाथ की कथा में गोता लगाने से मानव को प्रभु की प्राप्ति होती है लेकिन कथा सुनने व उसमें उतरने में अंतर होता है। सुनना तो सहज है लेकिन इसमें उतरने की कला हमें केवल एक संत ही सिखा सकता हैं।






### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि धरमपुरा रायपुर में ई.डब्ल्यू.एस. प्रकोष्ठ भवन क्रमांक ब्लॉक नं.- 42/12 द्वितीय तल, को श्री राहूल राहंगडाले पिता श्री सुन्दर लाल राहंगडाले, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद मे पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय से दिनांक 13.08.2012 को लीज-डीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री राहूल राहंगडाले पिता श्री सुन्दर लाल राहंगडाले, निवासीः- भावना नगर (खम्हारडीह), पोस्ट- शंकर नगर रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री . पूर्णानंद चुरेन्द्र पिता स्व. श्री चिंताराम चुरेन्द्र, निवासी :- जुनियर एमआईजी-246, विजेता कॉम्पलेक्स, नया राजेन्द्र नगर, वार्ड नं.-46, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

धरमपुरा रायपुर में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक ब्लॉक नं.- 42/12 द्वितीय तल, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र नवा रायपुर, अटल नगर

### आम सूचना

**विषय - आवासीय परिवर्तित भूमि/मकान मौजा टिकरापारा प.ह.नं. 114/45 रा.नि.मं. रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 536/62 रकबा 1500 पर निर्मित मकान के संबंध में।**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांकित भूमि/मकान ख.नं. 536/62 रकबा 1500 वर्गफुट स्थित कृष्णानगर संतोषीनगर रायपुर (छ.ग.) को मेरा पक्षकार श्री सुरेश कुमार सोनकर निवासी भाठागांव रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता श्री सेतकुमार पिता स्व. जे. कुमार निवासी कृष्णानगर रायपुर वाले से विधिवत पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 20/03/2024 के जरिये क्रय किया है तथा क्रय तिथि से ही विषयांकित सम्पत्ति पर दाखिल-काबिज चला आ रहा है।

विक्रेता सेत कुमार की पत्नी और पुत्री द्वारा एक अन्य व्यक्ति कुंजलाल सारथी के साथ सांठगांठ और मिलिभगत करके विषयांकित सम्पत्ति को किसी दीगर व्यक्ति को अन्तरित किये जाने के तारतम्य में अनैतिक और अवैधानिक क्रय-विक्रय का संव्यवहार किये जाने का प्रयास कर रहे हैं, इसी हेतु यह जाहिर सूचना आम जनता को इतिला दिये जाने के परिपेक्ष्य में प्रकाशित किया जा रहा है। अतएव आप सभी को सूचित रहे कि उपर वर्णित अवांछित व्यक्तियों से विषयांकित सम्पत्ति बाबत किसी भी प्रकार का संव्यवहार ना करें, इस आम सूचना उपरांत भी यदि कोई व्यक्ति उक्ताशय का संव्यवहार करता है, तो ऐसे क्रियाकलाप के लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार व उत्तरदायी होगा। सो सूचित जानिये।

**भवदीय**
**सुरेश शर्मा (एडव्होकेट)**
**सेक्टर-01, सड़क नं. 03**
**भैय्या तालाब के पास,**
**प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 98271-16190**









# 27 हजार राशन कार्डधारकों के लिए सिर्फ दस दुकानें, सालभर में एक भी नहीं खुलवा पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

रायपुर को स्मार्ट सिटी और उपनगरिय व्यवस्था से जुड़े बिरगांव निगम को जिम्मेदार 22 साल में राशन दुकान की बेहतर सुविधा भी नहीं दे पाए। इससे 27 हजार राशन कार्ड धारकों को अभी भी 2003 में पालिका परिषद बनाते समय खोलवाई गई 10 दुकानों से ही खाद्यान वितरण किया जाता है। इससे प्रति राशन दुकानों में तय मानक से दोगुने हितग्राही जुड़े हैं। इसे देखते हुए निगम प्रशासन की मांग के एक साल बाद एक भी नई दुकान नहीं खोलवा पाए हैं। राजधानी से सटे बिरगांव निगम में मौजूदा सुविधा और संसाधनों का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि यहां अभी भी 22 साल पुरानी राशन वितरण व्यवस्था है। 2003 में जब बिरगांव नगर पालिका थी, तब करीब 7 हजार राशन कार्डधारक थे। उनके लिए 35 वार्डों में सिर्फ 10 राशन दुकानों का संचालन शुरू हुआ। अभी आबादी के लिहाज से शासन ने करीब 10 साल पहले नगर निगम का दर्जा दे दिया। अभी 40 वार्डों में 27 हजार से ज्यादा हितग्राही हैं। इनके लिए अभी भी 10 दुकानों का ही संचालन किया जा रहा है। इससे राशन लेने के लिए मजदूरों को हर महीने रोजी-मजदूरी से छुट्टी लेनी पड़ती है। इसे देखते हुए निगम के प्रभावित वार्ड के पार्षदों ने सालभर पहले की गई दुकान बढ़ाने की मांग के बाद कलेक्टर को त्वरित कार्यवाही के लिए ज्ञापन भी दिया है।

## बिरगांव निगम के 40 वार्डों में अभी भी परिषद द्वारा बनाई गई व्यवस्था से बांट रहे राशन

### नियमित रूप से संचालन नहीं

वार्ड प्रतिनिधियों की ओर से पार्षद एवं एमआईसी मेंबर इकराम अहमद ने ज्ञापन भी दिया। जिक्र किया कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है, यहां के वार्डों में रहने वाले लोगों में श्रमिक अधिक है। इनका जीवन यापन दैनिक मजदूरी पर आश्रित है। राशन दुकानों की संख्या कार्डधारियों के हिसाब से बहुत कम है। इसके चलते राशन दुकानों में भीड़ होने और दुकानों के नियमित रूप से संचालन नहीं होने से श्रमिकों को भटकना पड़ता है। इसे देखते हुए 30 नई दुकानें खोलने की मांग ओमप्रकाश साहू, उबारन दास बंजारे सहित आधा दर्जन प्रतिनिधियों ने की है।



### खाद्य विभाग से जानकारी नहीं मिली

राशन दुकानों की संख्या बढ़ाने की जरूरत को देखते हुए जिला खाद्य शाखा को पूर्व में अवगत कराया है। अभी तक नई दुकानों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है, जल्द ही प्रक्रिया की जाएगी।
- **युगल किशोर उर्वशा,** आयुक्त, नगर निगम. बिरगांव

## खबर संक्षेप

### डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि किया नमन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि के अवसर पर छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी के प्रदेश नेताओं ने हांडीपारा स्थित छत्तीसगढ़ी भवन में शनिवार को पुष्पांजलि का आयोजन किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष दाऊ जीपी चंद्राकर ने कहा कि डॉ. खूबचंद बघेलजी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राज्य आंदोलनकारी, प्रखर वक्ता एवं साहित्यकार थे, उनको स्मरण करना नई पीढ़ी के लोगों के लिए प्रेरणादायक है। इसी दौरान पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल दुबे ने कहा कि डॉ. खूबचंद बघेलजी किसानों के अधिकार समाज में समरसता एवं राज्य आंदोलन के पुरोधा थे। पुष्पांजलि कार्यक्रम में पार्टी के महासचिव दीनदयाल वर्मा, संगठन सचिव जागेश्वर प्रसाद, कार्यकारिणी के सदस्य लालाराम वर्मा, वेगेंद्र सोनबेर, चेतन देवांगन, बृजबिहारी साहू, गोवर्धन वर्मा, श्यामूराम सेन, संतोष श्रीवास, रोहित साहू, बजरंग चौहान, जागेश्वर प्रसाद एवं रायपुर के अध्यक्ष हेमा फणींद्र भूषण साहू आदि शामिल थे।

### पीडियाट्रिक एकेडमी के नए सदस्यों ली शपथ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पीडियाट्रिक एकेडमी के इंस्टालेशन सेरेमनी में शिशुरोग विशेषज्ञों ने बच्चों को होने वाली बीमारियों और उसकी रोकथाम से संबंधित उपचार पर चर्चा की। इस दौरान चुने गए नए पदाधिकारियों ने शपथ ली। कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ शिशुरोग विशेषज्ञ शामिल हुए। पीडियाट्रिक एकेडमी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डॉ. राकेश परदल, प्रदेश सचिव डॉ. निलय मोझरकर के साथ रायपुर एकेडमी के अध्यक्ष डॉ. पवन जैन, सेक्रेटरी डॉ. चितरंजन एवं छत्तीसगढ़ एडोलोसेंट एकेडमी की अध्यक्ष डॉ. संगीता जोशी व सचिव डॉ. नितिका जैन ने शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह शिशु एकेडमी केंद्रीय बोर्ड सदस्य डॉ. केपी सारभाई की उपस्थिति में पूरा हुआ। इस दौरान बच्चों को भविष्य में होने वाली विभिन्न तरह की बीमारियों सहित अन्य चुनौतियों से निपटने और शिशुरोग विशेषज्ञों की महती भूमिका पर चर्चा करते हुए आपस में जानकारी साझा की गई।

## संजय श्रीवास्तव बोले- कांग्रेस में नोटिस और निष्कासन भी पैसे कमाने का जरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस में नोटिस और निष्कासन भी पैसे के लिए किए जाते हैं। कांग्रेस के अंदर की कहानी यही कहती है जिसमें कांग्रेस के पूर्व विधायक, विनय जायसवाल ने पहले कांग्रेस पर पैसे लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाया, फिर 6 साल के लिए निष्कासित हुए ,6 साल तो नहीं पर 6 महीने के अंदर वो पार्टी में न सिर्फ वापिस आए बल्कि महापौर का टिकट भी ले आए। उन्होंने जो आरोप कांग्रेस पर लगाया था, उसी प्रकिया से वो खुद महापौर प्रत्याशी बन गए। कांग्रेस में बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया वाला काम चल रहा है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, पिछले दिनों कांग्रेस ने दो बार के विधायक कुलदीप जुनेजा ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बारे में कहा, उनमें नैतिकता नहीं है इतनी बार पार्टी को हरवाने के बाद भी उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया और बोलना पड़ रहा है यह शर्म की बात है।

### सुशील शुक्ला बोले- गुटबाजी के कारण मंत्रिमंडल के दो पद खाली



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, कांग्रेस की चिंता में दुबली होने के बजाय भारतीय जनता पार्टी अपने दल की चिंता करे। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, धरमलाल कौशिक, बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत जैसे नेता सरकार में तिरस्कृत क्यों है, यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। भाजपा में फैली आंतरिक गुटबाजी का ही नतीजा है कि सरकार को बने एक साल से अधिक हो गए राज्य मंत्रिमंडल में 2 पद अभी भी खाली पड़े हैं।

## लहसुन की बीते साल ही कीमत 400 से 500 रुपए रही है चिल्हर में

# लहसुन में राहत का तड़का, चिल्हर में 100 रुपए दाम, आलू भी 20 पर लौटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लहसुन के दाम में लंबे समय बाद अब राहत का तड़का लगा है। बीते साल ही दिसंबर में कीमत 400 रुपए किलो थी, लेकिन अब नई फसल आने से दो साल बाद लहसुन वापस पुरानी कीमत पर लौटी है। अब चिल्हर में एक किलो के दाम सौ रुपए और एक पाव के 30 रुपए हो गया है।

आमतौर पर लहसुन चिल्हर में 30 से 35 रुपए पाव से ज्यादा में नहीं बिकती, लेकिन इसकी कीमत सवा सौ रुपए पाव तक चली गई थी। वैसे 2022 में लहसुन की फसल बहुत ज्यादा होने के कारण इसके दाम चिल्हर में 35 रुपए किलो तक हो गए थे। राजधानी रायपुर में सौ रुपए में तीन किलो लहसुन बिकी है। इधर आलू के दाम भी वापस 20 रुपए पर लौट आए हैं। प्याज की कीमत अब भी कुछ ज्यादा है। अगले माह इसके भी कम होने के आसार हैं। महंगाई से आम आदमी परेशान है। लगातार महंगाई बढ़ रही है, ऐसे में अगर किसी सामान की कीमत कम होती है, तो आम आदमी को राहत महसूस होती है। हालांकि आमतौर पर महंगे सामान की कीमत इतनी जल्दी कम नहीं होती है। कीमत कम होने के बाद कब इसमें मुनाफाखोरी के कारण कीमत में इजाफा कर दिया जाए कहा नहीं जा सकता है। कारोबारी मुनाफाखोरी से बाज नहीं आते हैं।

### आलू की कीमत सालभर पहले वाली

आलू ने बीते साल बहुत भाव खाने का काम किया है। इसका कारण यह है कि बंगाल से यहां पर आलू की आवक बंद हो गई थी। बीते साल दो बार वहां की सरकार ने इसको बाहर के राज्यों में भेजने पर प्रतिबंध लगा था, ऐसे में पहली बार आलू की कीमत थोक में 35 से 40 रुपए और चिल्हर में 50 रुपए तक चली गई थी।



### प्याज के दाम अभी ज्यादा

प्याज की कीमत नई फसल आने के बाद कम ज्यादा हो रही है। थोक में इसके दाम 30 रुपए हैं तो चिल्हर में यह 40 से 45 रुपए किलो है। कारोबारियों के मुताबिक अगले माह मार्च में कीमत के कुछ कम होने की संभावना है, लेकिन इसकी कीमत चिल्हर में 30 रुपए से कम होने की संभावना नहीं है।

### लहसुन-आलू के पहले वाले दाम

लहसुन और आलू के दाम अब पहले वाले हो गए हैं। लहसुन थोक में 60 से 0 रुपए और आलू 10 से 12 रुपए किलो है। आने वाले समय में प्याज की कीमत भी कुछ होगी।
- **अजय अग्रवाल,** अध्यक्ष, भनपुरी थोक आलू-प्याज संघ

## पदोन्नति में आरक्षित वर्ग के अधिकारी, कर्मचारी की उपेक्षा, आंदोलन करेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ ने विद्युत कंपनी प्रबंधन पर पदोन्नति में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के कर्मचारियों व अधिकारियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। संघ के प्रांतीय महासचिव जीके मंडावी, अध्यक्ष आरएन ध्रुव, कार्यकारी अध्यक्ष एचके मेश्राम ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में कहा कि राज्य सरकार द्वारा पदोन्नति में आरक्षण को लेकर 16 अप्रैल 2024 को जारी हाईकोर्ट के निर्देश अनुसार आरक्षण नियम के नियम 5 को अधिसूचित करने पिंगुआ कमेटी का गठन किया गया है। वहीं विद्युत कंपनी प्रबंधन द्वारा छत्तीसगढ़ शासन से अनुमोदन प्राप्त किये बिना सामान्य पदोन्नति की प्रक्रिया काल्पनिक वरिष्ठता के आधार पर किया जा रहा है। अनुसूचित जाति व जनजाति के वरिष्ठ कर्मचारी व अधिकारी को दरकिनार कर कनिष्ठ सामान्य वर्ग के कर्मचारियों व अधिकारियों को लाभान्वित किया जा रहा है, पदोन्नति आदेश भी जारी कर दिये गये हैं। इससे संघ के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ ही प्रदेश के अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग में आक्रोश व्याप्त है।

■ विद्युत कंपनी प्रबंधन पर तानाशाही रवैया अपनाने का लगाया आरोप

## लंबित वेतन विसंगति दूर करने के लिए मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक कल्याण संघ की अध्यक्ष ऋतु परिहार ने शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर पर्यवेक्षकों की 30 वर्षों से लंबित वेतन विसंगति की समस्या का समाधान करने की अपील की। उन्होंने महिला कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया। मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 1866 पर्यवेक्षक पद हैं, जिन पर केवल महिलाएं कार्यरत हैं। समय-समय पर विभाग द्वारा इन पर्यवेक्षकों के वेतनमान में सुधार के लिए अनुशंसा की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं आया है। ऋतु परिहार ने मुख्यमंत्री से कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण और सम्मान के प्रति बेहद संवेदनशील है और उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार पर्यवेक्षकों के 30 वर्षों के संघर्ष को समझते हुए समाधान निकाला जाएगा।

*शर्मीले स्वभाव का था मासूम स्कूल में डांट के डर से रोक लेता था यूरिन*

## प्राचीन चिकित्सा आयुर्वेद ने दिलाई बच्चे को प्रोटीन्यूरिया जैसी गंभीर बीमारी से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शर्मीला स्वभाव और डांट पड़ने के डर से स्कूल में यूरिन रोकने की गलत आदत की वजह से सात साल का धनवीर प्रोटीन्यूरिया से पीड़ित हो गया। एलोपैथी की दवाओं के माध्यम से इलाज का बेहतर परिणाम नहीं आने पर माता-पिता उसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति से राहत दिलाने शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय ले गए। इलाज की लंबी प्रक्रिया के बाद धनवीर को इस गंभीर बीमारी से राहत मिली। प्रोटीन्यूरिया किडनी की एक प्रमुख और गंभीर बीमारी है, जिससे किडनी के माध्यम से शरीर का सबसे



महत्वपूर्ण तत्व प्रोटीन पेशाब के माध्यम से बाहर चला जाता है। इसके गंभीर परिणाम के रूप में भविष्य में हृदय संबंधी रोग होने की आशंका भी बनी रही रहती है। माना में रहने वाले सुरक्षा बल के जवान संतोष कोरी ने बताया कि अक्सर बीमार रहने की वजह से धनवीर का स्कूल जाना छूट गया था। माता-पिता उसे डाक्टर के पास ले गए तो इस समस्या का पता चला। काफी दिनों तक इलाज चलने के बाद भी स्वास्थ्य में सुधार नहीं होता देख रिश्तेदारों की सलाह पर माता-पिता उसे लेकर शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय रायपुर के कौमारभृत्य-बालरोग विभाग के चिकित्सक डा. लवकेश चंद्रवंशी के पास पहुंचे। पिता संतोष कोरी ने बताया कि धनवीर बेहद शर्मीला स्वभाव का है। बचपन में स्कूल जाने के दौरान डांट पड़ने के डर से अक्सर यूरिन रोक लेता था, जिसके धीरे-धीरे गंभीर परिणाम सामने आने लगे थे।

### हो सकती थी बड़ी समस्या



मासूम धनवीर का इलाज करने वाले कौमार भृत्य (बाल रोग) विभाग के चिकित्सक डा. लवकेश चंद्रवंशी ने बताया कि बच्चे को जब लाया गया, तो वह कमजोर हो गया था। रोग के बारे में जानकर उसका इलाज पूरा किया गया। अभी इलाज नहीं होने पर भविष्य में इसके गंभीर परिणाम हो सकते थे।

## बिजनेस साइट

## अशोका पाम मिडोज में 'द गोल्डन पाम क्लब' का हुआ उद्घाटन



**रायपुर।** डूंडा पुराना धमतरी रोड स्थित अशोका पाम मिडोज टाऊनशिप में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर भागवत कथा के समापन दिवस पर 'द गोल्डन पाम क्लब' का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री भाजपा अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की विशेष उपस्थिति रही। उद्घाटन अवसर पर आरती ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य राजीव अग्रवाल, छगनलाल मूंदड़ा, डायरेक्टर ऋभूराज अग्रवाल और राजीव मूंदड़ा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। द गोल्डन पाम क्लब में टाउनशिप निवासियों के लिए जिम, स्वीमिंग पूल, बैडमिंटन, टेनिस कोर्ट के अलावा इंडोर गेम्स, प्ले एरिया और मेडिटेशन-योगा सेंटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। क्लब में अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा खेल और योग से संबंधित सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

## लव जिहाद, धर्म परिवर्तन और गोहत्या पर सांसद बृजमोहन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राज्य में बढ़ते धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और गोहत्या के मामलों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने इस संबंध में राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कठोर कानून बनाने की मांग की है। सांसद बृजमोहन ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि धर्म हमारी संस्कृति की आधारशिला है और गोसेवा इसका अभिन्न अंग है लेकिन हाल ही में छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण और गो-तस्करी के मामले सामने आए हैं, जो सनातन मूल्यों के लिए एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि विदेशी फंडिंग के जरिए प्रलोभन, छल और भय के आधार पर धर्मांतरण को एक उद्योग के रूप में संचालित किया जा रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की शह पर न केवल आदिवासी इलाकों में, बल्कि छत्तीसगढ़ के गांवों और शहरी क्षेत्रों में भी ईसाई मिशनरियों द्वारा गरीब और असहाय वर्ग के लोगों को लालच देकर मतांतरण कराया गया है।

■ राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नया कानून बनाने की मांग

डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फोन: 9827143060/8871003060

## श्री रावतपुरा सरकार विवि में हुई 'मूट कोर्ट प्रैक्टिस' पर कार्यशाला



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने 'मूट कोर्ट प्रैक्टिस' पर एक कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एचएनएलयू के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिन्ध्य तिवारी बतौर वक्ता उपस्थित हुए। कार्यशाला में बैचलर ऑफ लॉ, बीकॉम एलएलबी और एलएलबी के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसमें मूट कोर्ट प्रैक्टिस के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई, जिनमें केस के तथ्य, कानूनी मुद्दे, तर्क, साक्ष्य और कोर्टरूम व्यवहार शामिल थे। डॉ. तिवारी ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर एक व्यावहारिक केस स्टडी प्रस्तुत की, जिससे छात्रों की वास्तविक दुनिया की कानूनी कार्यवाही की समझ में वृद्धि हुई।

## विश्व के सबसे बड़े बगलामुखी यज्ञ कुंड में 11 हजार किलो लाल मिर्च की आहुति

**रायपुर।** तंत्रिकालदर्शी चमत्कारी मां मातंगी दिव्य धाम में एक अद्वितीय और ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान मां बगलामुखी यंत्र रूपी 51×51 फीट के विशाल यज्ञ कुंड का निर्माण किया गया, जो कि सृष्टि के निर्माण से लेकर अब तक विश्व में पहली बार हुआ। इस भव्य यज्ञ में 11 टन (11,000 किलो) सूखी लाल मिर्च की आहुति समर्पित की गई, जो अपने आप में एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक घटना थी। यही कारण है कि इस महायज्ञ को 11,000 किलो लाल मिर्च की आहुति देने के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। यह अविश्वसनीय उपलब्धि सिर्फ छत्तीसगढ़ राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए भी गर्व का



विषय बनी, जिसने वैश्विक स्तर पर भारतीय सनातन संस्कृति की महिमा को प्रतिष्ठित किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में 19 फरवरी 2025 को दुबई के होटल में मां मातंगी दिव्य धाम का सम्मान किया गया।

## आध्यात्मिक उन्नति के लिए डिवाइन गुरुकुल का विशेष शिविर 26 फरवरी को

**रायपुर।** डिवाइन गुरुकुल द्वारा एक अद्वितीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आध्यात्मिक उन्नति और दिव्यता की अनुभूति कराना है। यह शिविर 'परम दिव्य शक्ति की पहचान' पर आधारित होगा और 26 फरवरी बुधवार को रायपुर के राज्योत्सव मैदान, अटल नगर में आयोजित होगा। इस शिविर में ध्यान, साधना और आंतरिक ऊर्जा को जागृत करने की विशेष विधियां सिखाई जाएंगी, जिससे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव होगा। शिविर में एक अनोखा प्रोग्राम 'एनर्जी नाइट' भी आयोजित किया जाएगा, जो साधकों को आध्यात्मिक ऊर्जा का एक गहरा और विशेष अनुभव प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम भाग लेने वालों को मानसिक शांति, आत्म-चेतना और सकारात्मक ऊर्जा के साथ जुड़ने का अनूठा अवसर देगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025,
09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते हैं।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि
रायपुर, रविवार 23 फरवरी 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## लाइव इवेंट

### शांति सरोवर में द्वादश ज्योतिर्लिंग झांकी का शुभारंभ



**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा विधानसभा रोड पर शांति सरोवर में आयोजित द्वादश ज्योतिर्लिंग की झांकी का शुभारंभ शनिवार को उपमुख्यमंत्री अरूण साव, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, ब्रह्माकुमारी किरण दीदी और ब्रम्हकुमारी रश्मि दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। झांकी का अवलोकन करने के बाद उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि शिव दर्शन मेले में लगाई गई द्वादश ज्योतिर्लिंग की झांकी बहुत ही अद्भुत एवं रोचक है। यहां पर लगाई गई प्रदर्शनी से राजयोग मेडिटेशन को समझने का अवसर मिला। साथ ही युग परिवर्तन एवं परमपिता परमात्मा शिव के विषय में विस्तार से जानकारी मिली। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान की रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बताया कि 2 मार्च तक आयोजित शिव दर्शन आध्यात्मिक मेले को प्रतिदिन शाम को 6 से रात्रि 9 बजे तक देखा जा सकता है। प्रवेश निशुल्क रखा गया है। इसी प्रकार नवा रायपुर अटलनगर के सेक्टर-20 में स्थित शांति शिखर भवन में लगाई गई द्वादश ज्योतिर्लिंग झांकी का उद्घाटन बीएसएफ के महानिरीक्षक हरिलाल, केंद्रीय सुरक्षा पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक राकेश अग्रवाल, विमानल माना के संचालक मनिंदर सिंह, सीमा सुरक्षा बल के डीआईजी संजय यादव, बीएसएफ के अधिकारी अजय सिंह, असिस्टेण्ट कमाण्डेंट संजय कुमार, ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी ने किया।



● समता कॉलोनी स्थित मैक कॉलेज में विद्यार्थियों ने गीत-संगीत से सजाया वार्षिकोत्सव, छलका उत्साह

# चार युगों की महत्ता से सराबोर नृत्य नाटिका, मैक कॉर्निवल में 16 देशों की कला-संस्कृति की झलक

'सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलयुग की महत्ता बताती गीत-संगीत से सजी नृत्य नाटिका ने मैक कॉर्निवल में चारों युगों की झलक छात्र-छात्राओं ने पेश की। युवाओं की प्रस्तुति ने दर्शकों को भक्ति से ओतप्रोत माहौल दिया। धार्मिक भजनों से शुरू हुआ समारोह भक्ति, रोमांच, मनोरंजन और उमंग से लबरेज रहा। जहां विद्यार्थियों ने 16 देशों की कला-संस्कृति और परंपराओं की झलक पेश की। अद्भुत दृश्य ने दर्शकों को रोमांचित किया। इसमें छात्रों ने एक से बढ़कर एक नृत्य, संगीत के साथ ही फैशन शो का भी जलवा बिखेरा।'

**रायपुर।** शहर के समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में शनिवार को वाषिकोत्सव का आयोजन किया गया। मैक कॉर्निवल की शुरुआत अनोखे अंदाज में गणेश वंदना और छात्रों की एंट्री के साथ हुई। इसमें कला, संगीत, शिक्षा, खेल, स्काउट, कॉलेज में अनुशासन, परिधान के साथ व्यवहार में सर्वश्रेष्ठ रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। संगीत के क्षेत्र में मनीष साहू, नितेश चतुर्वेदी, जगप्रीत कौर, स्वयं अग्रवाल को भी सम्मानित किया। वहीं विश्वविद्यालय लेवल पर टॉप-10 की सूची में आने वाले छात्रों को पुरस्कार और छात्रवृत्ति राशि दी गई। मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल और मेयर मीनल चौबे मौजूद रहीं।









### मिस एंड मिस्टर फेयरवेल आदित्य और सिमरन

प्रगति कॉलेज में कंप्यूटर साइंस और वाणिज्य प्रबंधन विभाग के छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें जूनियर छात्रों ने सीनियर्स के स्वागत में बॉलीवुड गाने पर ग्रुप डांस किया। मनोरंजन से भरपूर इस समारोह में छात्र ए पान वाला बाबू...ये फूलमति...हाय रे मोर करौंदा जैसे छत्तीसगढ़ी गीतों पर झूमते नजर आए। फेयरवेल पार्टी में मिस एंड मिस्टर फेयरवेल का खिताब आदित्य राज तिवारी व सिमरन खत्री को दिया गया। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्य सौम्या नैयर, डॉ. प्रवीन कुमार यादव, डॉ. रामकृष्ण राव शमिल हुए।







### पेश की कई देशों की संस्कृति-परंपरा

रंगारंग सांस्कृतिक श्रृंखला के दौरान फैशन शो में विश्व के 16 देशों की संस्कृति और परिधान का नजारा देखने को मिला। इसमें छात्रों ने इंडोनेशिया, ब्रिटेन, थाईलैंड,नाइजीरियन, साउथ अफ्रीका, इजिप्ट, रसिया, डेनमार्क, कोलंबिया और भारत के परिधान एवं विशेषता को दर्शाने का सुंदर प्रयास किया। इसके साथ ही भारत के पंजाब, महाराष्ट्र, साउथ इंडिया और राजस्थान जैसे राज्यों की कला-संस्कृति को भी शामिल किया। शानदार एंट्री के वक्त विद्यार्थियों ने सभी कंट्री के लोगों से मुलाकात करने की परंपरा को भी अलग अंदाज में पेश किया। शानदार अंदाज में छात्रों को रैंप वॉक करते देख माता-पिता और दर्शकों ने तालियों से उत्साहवर्धन किया।

### सात रंगों से सजाया वार्षिकोत्सव

चंदा है तू मेरा सूरज है तू...कुछ है जुनून-सा कुछ पागलपन है...देखो-देखो, क्या वो पेड़ है? चादर ओढ़े या खड़ा कोई....जैसे फिल्मी गानों पर ग्रुप डांस भी पेश किया। मैक कॉर्निवल में 'स्पेक्ट्रम ऑफ लाइफ' थीम पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसमें मनुष्य के जन्म, बचपन, किशोरावस्था, प्रेम व रिश्तों की महत्ता, विद्यार्थी जीवन एवं जीवन में व्यक्ति की जिम्मेदारियों का एहसास कराया। मनमोहक अंदाज में पेश किए गए विचारपूर्ण कार्यक्रम ने दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर किया। इसमें लगभग सौ से अधिक विद्यार्थियों के समूह ने डांस प्रस्तुत किया।

## सिटी इवेंट

### आंकिक प्रश्नों के लिए शॉट नोट्स बेहतर विकल्प सोशल साइंस के विद्यार्थी मैप जरूर याद करें

**रायपुर।** बोर्ड परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों की तैयारी जोरों पर है। वार्षिक परीक्षा के टाइम टेबल अनुसार विद्यार्थी एग्जाम की तैयारी कर रहे। इन दिनों केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा संचालित की जा रही है, जिसमें 10वीं,12वीं क्लास की परीक्षा जारी है। परीक्षा के दौरान सभी सवाल के जवाब याद होने के बाद भी विद्यार्थी घबराहट में गलतियां करते हैं, ऐसे में इन टिप्स की मदद से सही क्रम में पढ़ाई करने और उत्तरपुस्तिका में लेखन की समझ बच्चों को होगी। हरिभूमि टीम से चर्चा में सीबीएसई के शासकीय शिक्षकों ने परीक्षा संबंधित विभिन्न टिप्स साझा कीं।



- परीक्षा से पहले शॉर्ट नोट्स से पढ़ें।
- अब केवल याद प्रश्नों को लिखकर प्रैक्टिस करने का वक्त बचा है।
- किताब से पीवाईक्यू और एमसीक्यू को पढ़ें।
- बड़े अंक के प्रश्नों का जवाब बिंदुवार लिखें।
- कमजोर विद्यार्थी पॉलिटिकल साइंस और इकोनॉमिक्स के प्रश्नों को अच्छे से याद करें।
- परीक्षा में 5 नंबर का मैप पूछा जाएगा, जिसे अच्छे से याद करके जाये।

#### कमजोर विद्यार्थी पॉलिटिकल साइंस और इकोनॉमिक्स के प्रश्न याद करें

शिक्षिका वैशाली शर्मा ने सामाजिक विज्ञान विषय संबंधित जानकारी दी। कहा, वार्षिक परीक्षा के दौरान एक ही प्रश्न को फेरबदल कर भी पूछा जाता है, जिसे समझने में भूल करते हैं। इस स्थिति से बचने के लिए शुरुआत के 15 मिनट केवल प्रश्नों को समझने में वक्त देना सही रहेगा।

#### खाते को प्रारुप को विद्यार्थी समझे

शिक्षिका रंजना ठाकुर ने बताया, लेखाशास्त्र में प्रश्नों को तीन खण्ड में विभाजित किया जाता है, जिसमें खण्ड अ सभी विद्यार्थियों को हल करना अनिवार्य है। साथ ही खण्ड ब और स में किसी एक को चयन करना होता है, विद्यार्थी इसमें अधिक्तर गलतियां करते है। कॉमर्स ऐसा विषय है जिसके प्रश्नों को हल करके ही तैयारी की जा सकती है, तो अधिक से अधिक समय लिखकर तैयारी करे और कम समय में हल करने का प्रयास करते रहे।

- विद्यार्थी लेखांकन सिद्धांत में डेबिट और क्रेडिट को समझे।
- कठिन प्रश्नों का रोजाना अभ्यास करे।
- परीक्षा के दौरान पहले सरल प्रश्नों को हल करे।
- समय प्रबंधन का भरपुर ध्यान दे।
- जवाब लिखते समय सही प्रश्न क्रमांक लिखे।
- खाते के प्रारुप को याद करे।
- बीते वर्ष 2024 के अलावा अन्य वर्ष के प्रश्नों को हल करे।

# फनकारों ने सजाई सुरों की महफिल पुराने दौर के गीतों में खो गए श्रोता

**रायपुर।** दक्षिण भारत के नामचीन गायकों के नाम 'तुझे देखकर जगवाले पर..,' संगीत संध्या में फनकारों ने पुराने दौर के गीतों की ऐसी महफिल सजाई कि श्रोता भी मंत्रमुग्ध हो गए। संगीत प्रेमियों के लिए शनिवार की शाम गीतों का गुलदस्ता मायाराम सुरजन हॉल में सजा। एक शाम साउथ के अनमोल रत्नों के नाम संगीत संध्या में आरकेएम फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप के फनकारों और अतिथि सिंगर्स ने लोगों को खुशनुमा माहौल दिया। जहां महान गायक केजे येसुदास, हरिहरन और एसपी बालासुब्रमण्यम के गीतों को गायक कलाकारों ने पेश किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत शुक्ला, विशिष्ट अतिथि तेलुगु समाज के प्रमुख जी. स्वामी रहे। मंच का संचालन करते हुए एलएन लाहोटी और दिव्यांशी शर्मा ने किया।







### मधुबन खुशबू देता है...

इनके बाद दिलीप रचदानी ने मधुबन खुशबू देता है..., उमेश तांडी और वंदना ने कुछ मेरे दिल ने कहा ..., गीत की बेजोड़ प्रस्तुति से लोगों को संगीतमय माहौल दिया। इसके बाद अतिथि सिंगर डॉ. गौतम देवयानी ने तुमसे जुदा हो कर मुझे दूर जाना है...पेश करते हुए लोगों को उत्साह का माहौल देने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं किशोर दा की आवाज में दिलीप नामपल्लीवार ने भी गीतों की प्रस्तुति दी।

### सुरमई गीतों पर झूम उठे श्रोता

जैसे ही वेणुगोपाल ने सुनयना..सुनयना, इन नजारों को तुम देखो..., और प्रसन्ना पंड्या ने तुझे देख कर जगवाले पर.., टाइटल सांग पेश किया, लोग झूम उठे। इस उत्साह को अभय गणोरकर व सितारा शेख ने कम नहीं होने दिया और हाय रामा ये क्या हुआ, गीत पेश करते हुए लोगों से वाहवाही लूटी। मिनाज मज्जू भाई ने आया है राजा लोगों रे लोगों..,वहीं नंदू सोनी ने दिल के टुकड़े-टुकड़े करके, मुस्कुरा के चल दिए ..गीत पेश करते हुए लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

# गोंदवारा से तात्यापारा चौक तक आज निकलेगी भव्य रैली

**रायपुर।** इस साल भी छत्तीसगढ़ प्रदेश कुनबी समाज द्वारा छत्रपति शिवाजी जयंती के अवसर पर भव्य रैली का आयोजन किया जाएगा। रविवार को दोपहर 2.30 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज भवन गोंदवारा से शिवाजी की भव्य रैली निकलेगी। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शहर के तात्यापारा चौक पहुंचने के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद इस आयोजन का समापन किया जाएगा। विशाल रैली में समाज के हर वर्ग के लोग शामिल होंगे। युवाओं में भागीदारी के साथ ही व्यवस्था के लिए वॉलंटियर्स की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें समाज की एकता और परंपरा को सुदृढ़ करने में मजबूती मिलेगी।



### समाज के लोग करेंगे प्रयास

प्रदेश सचिव अमित डोये ने बताया कि इसमें मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू एवं पार्षद नंदकिशोर साहू समाज को मार्गदर्शन देंगे। शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने के लिए लोगों को भी प्रेरित करेंगे। इस ऐतिहासिक रैली में अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल होकर अपनी एकजुटता का परिचय देंगे। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती को एक भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने और उनके वीरता, न्याय और स्वराज्य के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास समाज द्वारा किया जाएगा।

मॉल कल्चर का हिस्सा बनने लगे फ्लॉवर एक्सपो, एक्सपर्ट दे रहे देखभाल की सीख

# लाल-सफेद पत्तियों वाले फूलों की सुगंध से महका एक्सपो, 20 प्रजाति के पौधों की परख

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** बसंत ऋतु में फूलों की खुशबू हर किसी को भाती है। शहर के मैग्नेटो मॉल में प्रकृति प्रेमियों के लिए दो दिवसीय फ्लॉवर एक्सपो की शुरुआत शनिवार को हुई। पहले दिन इंडोर-आउटडोर में रोपे जाने वाले फ्लॉवर्स के साथ सीजनल फूलों की प्रदर्शनी में बहुत कुछ खास रहा। इस एक्सपो में सजाई गई फूलों की क्यारियां लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहीं। पीस लिली और पॉइंसेटिया के फूलों की पूछपरख दिनभर रही। इन पौधों की पत्तियां दूसरे फूलों से विशेष हैं, जो सफेद, लाल रंग में होने से देखने में भी आकर्षक हैं। सामान्य पौधो से अलग दिखने के कारण लोगों ने खरीदने के साथ ही देखभाल संबंधित जानकारी के लिए चर्चा की। नर्सरी प्रबंधक तुलसी साहू ने बताया कि आधुनिकता के दौर में मोबाइल और रेडिएशन मानव शरीर और पशु-पक्षियों के लिए हानिकारक है। इस स्थिति में पौधे उसे कम रखने में भी मदद करते हैं।





### इनडोर-आउटडोर फ्लावर्स की वैरायटीज...

नर्सरी प्रबंधकों ने बताया कि मौसम बदलते ही पौधों की देखभाल में भी परिवर्तन देखने को मिलता है। एक्सपो में 15-20 प्रजातियों के पौधे प्रदर्शित किए गए हैं। जहां लोगों की पसंद और जरूरत के लिहाज से सभी इनडोर-आउटडोर फ्लॉवर्स की वैरायटीज सजाई गई। इन दिनों क्रीपर पौधे हेल्दी ग्रोथ के लिए सटीक होने की वजह से लगाए जाते हैं। इसे नए रूट्स की मदद से स्टीक में लगाकर भी पौधों को रखा जा सकता है। घर पर मौजूद जूट का बोरा और नारियल के बाहरी सतह को स्टीक के चारों ओर लगाकर कम बजट में तैयार किया जा सकता है। गर्मी के दिनों में पौधों को लंबे समय तक जीवित रखने में ये मदद करेगा, ऐसे सुझाव भी दे रहे हैं।



### बदलते मौसम में करें देखभाल

गर्मी के दिनों में पेड़-पौधे कम पानी की वजह से सूखने लगते हैं, इन दिनों सभी पौधों का रखरखाव बदल जाता है। पौधों की अच्छी ग्रोथ के लिए गोबर खाद, मिट्टी और धान के भूसे का मिश्रण एवं एनपीके सबसे बेहतर उपाय है। एनपीके की मदद से सूखने वाले प्लांट को भी स्वस्थ किया जा सकता है। इनडोर प्लांट में कोको बीट का छिड़काव जरूर करें। गर्मी के दिनों में रासायनिक चीजों के प्रयोग से बचें, यह मिट्टी की उर्वरक क्षमता को 5-10 सालों में नष्ट कर देता है।

### गर्मी में इनडोर पौधे ही लगाएं

गर्मी के दिनों में आउटडोर प्लांट की सबसे अधिक देखरेख करनी पड़ती है, ऐसे में इनडोर प्लांट सबसे बेहतर विकल्प है। इसे कम देखभाल की जरूरत होती है और केवल सप्ताह में दो दिन हल्के पानी का छिड़काव करना होता है। फूलों वाले पौधों में पानी की अधिक आवश्यकता होती है, इनकी मिट्टी को मॉइस्चराइज रखने के लिए कोको बीट का प्रयोग करें।

धर्म लाइव

## बालाजी मंदिर में उत्सव पेश किए मनमोहक भजन



**रायपुर।** गुढ़ियारी स्थित बालाजी मंदिर में तीन दिवसीय स्थापना महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार के कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल से विधिवत मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस दौरान आचार्यों के साथ भारी संख्या में तेलुगु समाज की महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान बालाजी की पुण्यहावाचनम आराधना की। दूध से अभिषेक करने के बाद आरती की गई। संध्याकाल में भगवान बालाजी की महाआरती हुई। इसके बाद भजन संध्या में अन्नामाचार्य संकीर्तन गेन्टी हयेंन देवी और वसंत लक्ष्मी ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

### गोविंदा के जयकारे से गूंज उठा परिसर

तेलुगु समाज की महिलाओं द्वारा पारंपरिक नृत्य कोलाट्टम की सुंदर प्रस्तुति दी गई। इसे देख मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालु खुशी से झूम उठे। साथ ही सभी ने गोविंदा का जोरदार जयकारा लगाया। जयकारे से सारा मंदिर परिसर गूंज उठा। इस धार्मिक अनुष्ठान में आंध्रा एसोसिएशन के अध्यक्ष जी. स्वामी, कोषाध्यक्ष मोहन के. नायडू , संयुक्त सचिव एम. श्रीनिवास, विजय कुमार समेत श्रद्धालु उपस्थित रहे।

समाज लाइव

## वृद्धजनों के साथ 'नारायणी' ने बांटीं खुशियां राशन सामग्री दी और भोजन भी कराया



**रायपुर।** सामाजिक और साहित्यिक क्षेत्र में अग्रणी संस्था नारायणी साहित्यिक संस्थान ने वृद्धजनों के साथ खुशियां बांटते हुए अपना 8वां स्थापना दिवस मनाया। संस्था की अध्यक्ष डॉ. मृणालिका ओझा ने बताया कि ग्रासरूट सोसायटी द्वारा सुंदर नगर में संचालित प्रशामक देखरेख गृह (वृद्धाश्रम) में उनके साथ भोजन भी किया। इस अवसर पर सभी वृद्धजनों को न केवल भोज कराया गया, अपितु राशन सामग्री के साथ डिशवॉश सहित संस्था में रहने वाले भवतोष, बुधराम जैसे अस्वस्थ बुजुर्गों के लिए चिकित्सकीय सामग्री भी प्रदान की गई। कैंसर यूनिट मेकाहारा के पास संचालित चरामेति निशुल्क भोज सेवा का आयोजन भी किया।

### संग्रहालय में कई तरह के कैलेंडर

इस अवसर पर राजेंद्र ओझा, किशोर, हृषिक, किआंश, पार्थ के साथ ही देखरेख गृह की ममता शर्मा, ज्योति आदि मौजूद थीं। विभिन्न भाषा बोलियों के संग्रहालय के लिए तेलुगू (इनाडु, आंध्र ज्योथि) और उर्दू भाषा के समाचार पत्र सियासत सहित उर्दू लिपि में सिंधी भाषा के भजनों की पुस्तक रसालो सचल सरमस्त भी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि इस संग्रहालय में 60 से ज्यादा भाषाओं के करीब 150 कैलेंडर और अनेक भाषा में प्रकाशित समाचार पत्र एवं पत्रिकाएं भी संग्रहित हैं। इसका फायदा भी हर वर्ग को मिलता है। संस्था के प्रमुखों ने वर्षभर किए जाने वाले सेवा कार्यों का ब्योरा भी पेश किया गया।

आराधना

## भगवान का नाम जप करते हुए यदि सांसें चलें तो यही महारास है



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित श्रीराधाकृष्ण गोपाल मंदिर में 34वां वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। इस मौके पर श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ में महंत गोपालशरण देवाचार्य ने कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की महारासलीला का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि एक बार कामदेव ने श्रीकृष्ण से इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने की शर्त रखी। इस पर कामदेव के अंहकार को नष्ट करने के लिए भगवान ने गोपियों के साथ निष्काम भावना से महारासलीला की। राम-रावण युद्ध के बाद पुष्पक विमान से लौटते समय रास्ते में कई ऋषि-मुनियों ने उनसे भेंट करने की इच्छा जताई। हनुमानजी ने रामजी से आग्रह किया कि उन्हें रास्ते में रुककर ऋषि-मुनियों से मिलना चाहिए। इस पर भगवान राम ने बताया, उन्होंने भरत को वचन दिया है कि 14 वर्ष पूरे होते ही वे लौट आएंगे।

### जीव और ब्रह्म का मिलना ही महारास

जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते हैं। प्रभु की प्रत्येक लीला रास है। हमारे अंदर प्रतिक्षण रास हो रहा है, सांसें चल रही हैं तो रास भी चल रही है, यही रास महारास है, इसके द्वारा रस स्वरूप परमात्मा को नचाने के लिए एवं स्वयं नाचने के लिए प्रस्तुत करना पड़ेगा, उसके लिए ब्रज की गोपी होना पड़ेगा। शरद ऋतु में रासलीला के दौरान भगवान श्रीकृष्ण ने जब गोपियों में भी जब भगवान के सानिध्य पर अधिकार होने का घमंड पाया तो भगवान वहां से अंतर्ध्यान हो गए। इस पर गोपियों को अपनी भूल का अहसास हुआ।

● पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा और उनकी अपील का असर, अब हर वर्ग शिव पूजन में हो रहा सम्मिलित

# कथा सुनकर शिव महिमा से जुड़ा हर वर्ग, घरों से लेकर मंदिर, कॉलोनी और सोसायटी तक शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

शिव महिमा के गूंजते मंत्रों के बीच शहरवासी इस समय शिवभक्ति में पूरी तरह से लीन हैं। जहां पहले केवल बड़े-बुजुर्ग शिव मंदिरों में अपनी आस्था जताने जाया करते थे, वहीं अब युवा, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग हर कोई एक साथ मिलकर शिव पूजन में सम्मिलित हो रहे हैं। यह सब पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा और उनकी अपील का असर है, जिन्होंने शहरवासियों को शिवलिंग पर जल अर्पित करने का अद्भुत प्रेरणा दी। सिर्फ मंदिरों तक ही सीमित नहीं, अब शहर के विभिन्न वार्डों, कॉलोनियों और सोसायटियों में भी शिवलिंग की स्थापना की जा रही है।



### बाजार में सभी आकार के शिवलिंग उपलब्ध

शिवभक्ति का असर बाजारों में भी साफतौर पर दिख रहा है। मंदिरों में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ अब घरों में भी शिवलिंग की स्थापना का चलन बढ़ गया है। इसी बढ़ती श्रद्धा को देखते हुए शहर के व्यापारियों ने हर आकार के शिवलिंग की बिक्री शुरू कर दी है। पिछले कुछ वर्षों से छोटे आकार के शिवलिंग की मांग बढ़ी है। पहले जहां केवल मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा के लिए विशेष रूप से ऑर्डर पर शिवलिंग बनाए जाते थे, वहीं अब श्रद्धालु घरों के तुलसी चौरे, पूजा स्थानों और आंगन में भी छोटे शिवलिंग की स्थापना कर रहे हैं। ये शिवलिंग बाजार में 100 रूपए से लेकर लाखों रुपए तक की कीमत पर उपलब्ध हैं। इनमें काले ग्रेनाइट, नर्मदेश्वर, स्फटिक, पन्ना और पारद पत्थर से बने शिवलिंग प्रमुख रूप से बिक रहे हैं।



**रायपुर।** समाज के हर वर्ग के लोग एक साथ मिलकर प्राचीन शिव मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा कर रहे हैं, और नए मंदिरों में शिवलिंग स्थापित कर अपनी आस्था को प्रकट कर रहे हैं। इन आयोजनों से शहर में धार्मिक वातावरण और भी अधिक प्रेरणादायक हो गया है। यह सांस्कृतिक और धार्मिक उत्साह न केवल मंदिरों तक सीमित है, बल्कि अब घर-घर, सोसायटी से लेकर मोहल्लों तक शिवलिंग की स्थापना का सिलसिला तेज हो गया है। लोग अपनी श्रद्धा और भक्ति को व्यावहारिक रूप से भी व्यक्त करने लगे हैं, जिससे राजधानी के बाजारों में भी विभिन्न पत्थरों से निर्मित शिवलिंग की खरीदारी जोरों पर है। युवा पीढ़ी और हर वर्ग के लोग अब मंदिरों में ज्यादा समय व्यतीत करना पसंद कर रहे हैं और हर जगह भगवान शिव की महिमा है। यह एक अविस्मरणीय बदलाव है, जहां पूरे शहर में शिवभक्तों का समूह एक साथ मिलकर अपने सामूहिक श्रद्धा भाव से भगवान शिव की महिमा का बखान कर रहा है।

### सुबह-शाम आरती में पहुंच रहे युवा वर्ग

पं. दिनेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि पं. प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा ने शहरवासियों की धार्मिक आस्था को एक नई दिशा दी है। वर्तमान समय में युवाओं और महिलाओं का धार्मिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेना एक सकारात्मक बदलाव है। अब ये वर्ग सुबह-शाम आरती, जल अर्पण जैसे धार्मिक कार्यों में बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहा है। इससे यह साफ दिखाई दे रहा है कि आज के समय में धर्म और आस्था को लेकर एक नई जागरूकता और उत्साह बढ़ा है। यह बदलाव न केवल समाज में, बल्कि व्यक्तिगत जीवन में भी मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहा है।

### अन्य मंदिरों में भी शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

पं. जनक सिंह ठाकुर ने बताया कि इन दिनों लोग न केवल अपने घरों में, बल्कि विभिन्न मंदिरों में भी शिवलिंग की प्रतिष्ठा कर रहे हैं। श्री गणेश, लक्ष्मीनारायण, देवी मंदिर, श्री हनुमान और राधाकृष्ण मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। श्रद्धालुओं में न केवल बुजुर्ग वर्ग शामिल हैं, बल्कि युवा और बच्चे भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। शिवलिंग की प्रतिष्ठा इन मंदिरों में धार्मिक एकता और भक्ति भावनाओं को प्रगाढ़ बनाने का कार्य कर रही है। यह सब स्वाभाविक रूप से लोगों के बीच भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और आस्था को और भी मजबूत कर रहा है।

### पुराने मंदिरों का जीर्णोद्धार भी जरूरी

स्वामी राजेश्वरानंद का कहना है कि केवल नए मंदिरों का निर्माण नहीं, बल्कि पुराने मंदिरों का जीर्णोद्धार भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार से न केवल आस्थावान लोग श्रद्धा के साथ पूजा करेंगे, बल्कि इन मंदिरों में भी भीड़ बढ़ेगी, जो कि शहर की धार्मिकता को और भी मजबूत करेगा। पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार से उन स्थानों पर आस्था और भक्ति का माहौल और भी समृद्ध होगा। इससे शिवलिंग की पूजा में भी वृद्धि होगी और श्रद्धालु कहीं और न जाकर अपने पुराने मंदिरों में पूजा-अर्चना करने पहुंचेंगे।

## ऐसी लागी लगन, मीरा हो गई मगन...






भजन सम्राट अनूप जलोटा की प्रस्तुति ने किया भावविभोर

**रायपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शनिवार संध्या भजन सम्राट अनूप जलोटा अपनी मनभावन प्रस्तुतियों से लोगों के दिलों में उतर गए। लोगों को मुंह जबानी रटे भजन ''ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन'' से अनूप जलोटा ने संध्या की भक्तिमयी शुभारंभ की। ऑडिटोरियम की दर्शकदीर्घा में बैठे लोग आंख मूंदकर भजन का आनंद लेते नजर आ रहे थे। आगे जैसे ही 'कोई रोके नहीं कोई टोके नहीं, मीरा गोविंद गोपाल गाने लगी' पंक्तियां आईं, तो श्रोता भक्तिभाव से भजन में पूरी तरह से डूब गए। लव फॉर ह्यूमैनिटी नींव की ओर से **भजन संध्या** 'नई रोशनी की राह...' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 25 नेत्रहीन बालिकाओं की एक वर्ष की शिक्षा के लिए सहयोग राशि जुटाने के रखा गया। इस कार्यक्रम में नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं।

### श्रोताओं के जेहन में गूंजते रहे गीत और भजन

भजन संध्या में अनूप जलोटा ने बहुत से अपने नए-पुराने भजन सुनाए। 'ओम जय जगदीश हरे' और '' श्रीरामचंद्र कृपालु भजमन' भजनों को लोगों ने हाथ जोड़कर सुना। वहीं पंकज उधास की बेहद लोकप्रिय गजल ' बड़े दिनों के बाद, हम बेवतनों को याद, वतन की मिट्टी आई है, चिट्ठी आई है ' गाया तो इसे सुन श्रोताओं की आखें भर आईं। गाने के बाद लोगों ने जोरदार तालियां बजाकर अनूप जलोटा की हौसला अफजाई की। इसके बाद 'यशोमति मैया से बोले नंदलाला, राधा क्यों गोरी मैं क्यों काला' सुनाया। इसे सुन लोग अपनी बचपन की स्मृतियों में पहुंच गए, जब मां उन्हें सुलाने के लिए ये भजन सुनाया करती थी। भजन संध्या में अनूप जलोटा ने बहुत से गीत और भजन सुनाए, जिन्हें सुन लोगों ने बचपन, प्रेम और भक्ति के सागर गोते लगाए। अनूप जलोटा अपनी प्रस्तुतियां देकर फुर्सत हो गए, लेकिन लोगों के जेहन में उनके गीत और भजन गूंजते ही रहे।

## लक्ष्य हासिल करने जब खुद को 'पेन' देंगे तो 'गेन' करेंगे




**रायपुर।** विद्यार्थी अगर लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयास करें तो सफलता जरूर मिलेगी। एक बात हमेशा याद रखें कि आपके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। जरूरत सिर्फ जिद, जुनूनी प्रयासों की है। आपका परीक्षा परिणाम हर हालत में ऐसा होना चाहिए, जिससे माता-पिता को गर्व हो। यह बात शनिवार को संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए आयोजित विदाई कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने कही। स्कूल प्रभारी परितोष डोनगांवकर, उपप्रभारी नवीन देखमुख की मौजूदगी में कहा कि क्लास रूम में गुरुजनों की कही गई बातों, दिशा-निर्देशों और परीक्षा को लेकर मिली सीख को दिमाग में रखकर पढ़ाई करें और परीक्षा में उत्तर लिखते समय इन्हीं बातों का ध्यान दें। जब खुद को 'पेन' देंगे तभी 'गेन' करेंगे।

### कोई विद्यार्थी मुझे निराश नहीं करेगा

विद्यार्थी जीवन की यादों को साझा करते हुए श्री काले ने बताया कि किस तरह मैट्रिक परीक्षा की तैयारी में महीनों पहले सब कुछ भूलकर दिन-रात एक कर दिया था। उसके बाद भी मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा में वे मात्र दो अंकों से मेरिट लिस्ट में जगह बनाने से चूक गए, लेकिन अपने शासकीय बहुद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक शाला रायपुर में प्रथम आए। आगे कहा कि आपके अभिभावकों को आपसे बहुत-सी अपेक्षाएं हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि आपमें से कोई विद्यार्थी मुझे निराश नहीं करेगा। परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने आभार व्यक्त किया।

समाज के बिखरे हुए लोगों को एकजुट करेगा पितांबर जैन समाज

# जैन समाज की पहल : 250 कमजोर परिवारों को देंगे फ्लैट, अपार्टमेंट में मंदिर का निर्माण भी

कार्नर न्यूज

*सामाजिक भलाई के लिए किए गए कार्य समाज को नई दिशा देते हैं और यही सोच पितांबर जैन समाज ने अपनाई है। समाज ने निर्णय लिया है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे। यह कदम युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य को एक नई दिशा देने के साथ-साथ समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने का प्रयास है। कुछ साल पहले बेघर और कम आय वाले जैन परिवारों को फ्लैट आवंटित करने का निर्णय लिया गया था, जिसे अब पितांबर जैन समाज ने पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। बीते साल भूमिपूजन के बाद निर्माण कार्य की शुरुआत भी की गई।*



### 50 हजार वर्गफीट में 250 परिवार रहेंगे

समाजजनों ने बताया कि बीते वर्ष 56 फ्लैटों के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया था, जिसके लिए 15 हजार वर्गफीट जमीन निर्धारित की गई थी। इस योजना में प्रत्येक व्यक्ति के लिए लगभग 700 वर्गफीट का फ्लैट बनाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन भूमिपूजन के बाद समाज के अन्य सदस्यों ने इस कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता दिखाई और समाज के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। इसके परिणामस्वरूप अब 50 हजार वर्गफीट में फ्लैट निर्माण की योजना बन रही है। इसमें 250 परिवारों के रहने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए जैन समाज ने अतिरिक्त भूमि खरीदी है।



**रायपुर।** समाज के सदस्य विवेक डागा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य उन परिवारों को समाज में एक स्थान देना है, जो विभिन्न कारणों से समाज और धार्मिक गतिविधियों से दूर हो गए थे। ये फ्लैट उन बेघर और आर्थिक रूप से कमजोर जैन परिवारों के लिए हैं, जिन्हें दूरदराज के इलाकों में रहना पड़ता है। इस योजना के तहत ऐसे परिवारों को अपनी पहचान और एक स्थिर आश्रय मिलेगा। इस अपार्टमेंट परिसर में एक मंदिर का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे समाज के सदस्य धार्मिक गतिविधियों में भाग ले सकें और एकजुटता का एहसास कर सकें।

### अपार्टमेंट में मंदिर निर्माण कार्य

फ्लैट निर्माण के साथ-साथ जैन समाज ने अपार्टमेंट परिसर में एक भव्य जैन मंदिर बनाने की योजना बनाई है, जिसे लोगों को धार्मिक रूप से जोड़ने और उनके आध्यात्मिक जीवन को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। इस मंदिर में 250 परिवारों के सदस्य बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष और युवावर्ग भगवान की सेवा में हिस्सा लेंगे। समाज के सदस्यों ने बताया कि भूमिपूजन के बाद अब कागजी कार्य चल रहा है और जैसे ही यह पूरा होगा, कार्य की क्रमबद्ध शुरुआत की जाएगी। फ्लैट निर्माण कार्य में अभी भी लगभग 1-2 साल का समय और लगेगा, लेकिन इसके पूरा होने पर यह एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### वेटरन बैडमिंटन में राजधानी के वरिष्ठ नागरिकों ने विभिन्न आयु वर्ग में जीते टाइटल्स



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में रायगढ़ में 17 से 21 फरवरी तक आयोजित राज्य वेटरन बैडमिंटन स्पर्धा के 70 वर्ष आयु समूह पुरुष एकल फाइनल में रायपुर के खड़ख बहादुर सिंह ने बिलासपुर के दीपक राजनकर को 21-17, 21-16 से हरा कर खिताब जीत लिया।

वहीं इसी वर्ग आयु समूह के पुरुष युगल फाइनल में खड़क बहादुर सिंह और कोरबा के सुधीर रेगे की जोड़ी ने भिलाई के सपन बैनर्जी और बिलासपुर के दीपक राजनकर की जोड़ी को 21-14, 21-15 से हरा कर खिताब हासिल किया।

खड़क सिंह 21 मार्च से गोवा में शुरू होने वाली वेटरन नेशनल बैडमिंटन स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।उल्लेखनीय है कि खड़क सिंह पूर्व में राष्ट्रीय वेटरन बैडमिंटन स्पर्धा के विजेता बन चुके हैं।

स्पर्धा के 65 वर्ष आयु समूह पुरुष युगल फाइनल में रायपुर के ही वीरपाल सिंह वर्मा और बी।एन।बागची ने कोरबा के जोगेश सामन्ता और दुर्ग के साइमन विलियम को 18-21,26-24,21-18 से हरा कर खिताब हासिल किया।

55 वर्ष आयु समूह पुरुष युगल फाइनल में रायपुर के शशांक शर्मा और सुनील मालानी ने सरगुजा के आंनद धर दीवान व राजेश गुप्ता की जोड़ी को 21-16,21-18 से हरा कर खिताब हासिल किया।

### नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी चयनित



**रायपुर।** 37वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए रायपुर से 05 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जो 23 से 26 फरवरी तक हरियाणा में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ी आर्यन साहू, नवेश अंसारी, राज साहू, दिव्यांशी खोबरागड़े, एकता पटेल शामिल है। खिलाड़ियों के चयन पर जिला नेटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जिसमे अध्यक्ष सैय्यद रज़ा, सचिव अनूप यदु, कोषाध्यक्ष गुरजीत सिंह, संयुक्त सचिव अश्विनी यदु, उपाध्यक्ष गणेश गौसेवक, सदस्य निधि पांडे और शकुंतला पटेल आदि शामिल है।

### इंडियन शूटिंग टीम ट्रायल के लिए खिलाड़ी रवाना



**रायपुर।** न्यू दिल्ली के डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज में 24 से 28 फरवरी तक आयोजित इंडियन टीम के लिए ट्रायल रखा गया है। जिसमें डीपीएस बिलासपुर की शूटिंग टीम से मनीत कौर मक्कड़, कृतिका ठाकुर, जिज्ञासा प्रधान एवं आरना कुरैशी शामिल है। यह सभी निशानेबाज़ राष्ट्रीय स्तर में प्रतिनिधित्व कर पदक प्राप्त कर चुके हैं। इनका चयन भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। इनके कोच पवन दुबे है। निशानेबाजों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य जसपाल सिंग मथ, प्रशासनिक अधिकारी आर सी मोहंती ,खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप, रॉबिंसन जॉन ,राजनारायण श्री मोर, निरूपा विश्वास, अनुपम वर्मा, शूटिंग कोच पवन दुबे आदि ने बधाई दी है।

### ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस योगासन प्रतियोगिता के लिए पूनम चयनित

**रायपुर।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस



प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 6 मार्च तक चंडीगढ़ पंजाब में आयोजित होना है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के दल का गठन करने हेतु चयन ट्रायल 21 फरवरी को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें जिले से पूनम पटले पालिटेक्निक कॉलेज महासमुंद, शिखा शर्मा, जयश्री कश्यप का चयन हुआ हैं। जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। इनके चयन होने पर प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज चंद्रिका विश्वकर्मा एवं समस्त स्टॉफ, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, संदीप पटले, भीमराव घोड़ेसवार, कोकिला घोड़ेसवार, दीपांशु, प्रियांशु ने बधाई दी है।

### महिलाओं को कुछ बीमारियों का जोखिम होता है अधिक

# महिलाओं में इन परेशानियों का होता है ज्यादा खतरा कम उम्र से ही शुरू कर दें बचाव तो रहेंगी सेहतमंद

महिलाएं अपनी दिनचर्या, हार्मोनल बदलाव और शरीर की संरचना के कारण कुछ बीमारियों को लेकर विशेष संवेदनशील होती हैं। लिंग आधारित इन समस्याओं के बारे में जानना और कम उम्र से ही इसको लेकर बचाव के उपाय करते रहना बहुत आवश्यक हो जाता है। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण कई प्रकार की बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। महिला हों या पुरुष या फिर बच्चे, सभी उम्र के लोगों में क्रोनिक बीमारियों का जोखिम देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई कारण हैं जिसको ध्यान में रखते हुए सभी महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

महिलाएं अपनी दिनचर्या, हार्मोनल बदलाव और शरीर की संरचना के कारण कुछ बीमारियों को लेकर विशेष संवेदनशील होती हैं। लिंग आधारित इन समस्याओं के बारे में जानना और कम उम्र से ही इसको लेकर बचाव के उपाय करते रहना बहुत आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं कि महिलाओं में किन बीमारियों का खतरा अधिक हो सकता है और इससे बचाव के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?



### स्तन कैंसर का जोखिम

स्तन कैंसर के मामले दुनियाभर में तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, हर साल इस कैंसर के कारण लाखों महिलाओं की मौत भी हो जाती है। महिलाओं में होने वाला सबसे आम कैंसर है। स्तन की कोशिकाओं में अनियंत्रित रूप से वृद्धि इस कैंसर का खतरा बढ़ा देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, हर साल लगभग 20 लाख महिलाएं स्तन कैंसर का शिकार पाई जा रही हैं। इस कैंसर से बचे रहने के लिए 40 वर्ष की उम्र के बाद नियमित रूप से मैमोग्राफी कराएं। कम उम्र से ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, संतुलित आहार लें और नियमित व्यायाम करें। यदि आपके परिवार में किसी को पहले से स्तन कैंसर रहा हो तो इस बारे में डॉक्टर से सलाह लें और बचाव के उपाय करें।



### ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की समस्या)

ऑस्टियोपोरोसिस के कारण आपकी हड्डियां कमजोर और भंगुर हो जाती हैं, जिससे फ्रैक्चर होने का खतरा बढ़ जाता है। महिलाओं में यह समस्या रजोनिवृत्ति के बाद अधिक देखी जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मेनोपॉज के बाद एस्ट्रोजन हार्मोन का स्तर कम होने लगता है और इसकी कमी हड्डियों की सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली हो सकती है।

नेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन के अनुसार, 50 वर्ष से अधिक उम्र की लगभग 50% महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस होने का जोखिम रहता है। इससे बचाव के लिए कैल्शियम और विटामिन-डी युक्त आहार लें। अपने आहार में दूध, दही, पनीर, हरी पत्तेदार सब्जियां शामिल करें। इसके अलावा नियमित रूप वॉकिंग, योग और वेट ट्रेनिंग जैसे अभ्यास करें।

### हृदय रोगों को लेकर भी रहें सावधान



हृदय रोग वैश्विक स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण रहे हैं। वैसे तो महिला हो या पुरुष सभी में इसका जोखिम देखा जाता रहा है पर विशेष कुछ कारणों से महिलाओं को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, महिलाओं में दिल की बीमारी से मृत्यु का खतरा पुरुषों से अधिक हो सकता है। हालांकि महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण पुरुषों से अलग होते हैं, जैसे थकान, जी मिचलाना, पीठ या जबड़े में दर्द। हृदय रोगों से बचाव के लिए हेल्दी डाइट अपनाएं, ट्रांस फैट और अधिक नमक वाले खाद्य पदार्थों से बचें। नियमित रूप से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की जांच कराएं ।



## जीवन में चाहिए सफलता तो जरूर दें इन बातों पर ध्यान

दुनिया के हर एक देश में नीति शास्त्र की रचनाएं हर दौर में होती रही है। इन नीति शास्त्रों में जीवन के हर पहलू के बारे में बताया है। उनकी ये नीति युवाओं का मार्गदर्शित करने के साथ-साथ इंसान के जीवन को भी बेहतरीन बनाती है। ऐसे नीति शास्त्र कहते हैं कि, व्यक्ति को हमेशा समय से पहले और समय के बाद किसी भी काम को नहीं करना चाहिए। इससे जीवन में कई तरह की परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे नीति शास्त्र व्यक्ति को किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले आत्मचिंतन करने की सलाह देते हैं। इसके अलावा इन शास्त्रों कहना है कि ये सब बातें अगर हमारे अनुरूप हैं, तो व्यक्ति को सफल बनने से कोई नहीं रोक सकता है। आइए विस्तार से जानते हैं कि, ऐसे नीति शास्त्रों के अनुसार किन चीजों को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए।

### समय का ध्यान रखें

व्यक्ति को हमेशा किसी भी काम को करने से पहले समय का विचार करना चाहिए। यदि आप काम को समय पर नहीं करते हैं, तो बाद में असफलता ही हाथ लगती है। इसलिए किसी भी काम को करने से पहले उसके सही समय की पहचान कर लें, क्योंकि सफलता के पीछे समय का बहुत बड़ा योगदान होता है।

### सच्चा मित्र

जीवन में सभी रिश्तों का अपना अलग महत्व होता है। रिश्तें ही व्यक्ति को भावनात्मक रूप से मजबूत बनाते हैं। चाणक्य की नीति के अनुसार, जीवन में सफलता पाने के लिए किसी सच्चे मित्र का साथ होना जरूरी होता है। एक सच्चे मित्र के सहयोग से आप सफलता की सीढ़ियां आसानी से चढ़ सकते हैं। इसलिए सच्चे मित्रों की पहचान करना बेहद जरूरी है।

### आय और व्यय का विचार



व्यक्ति को अपनी आय और व्यय पर विचार करना चाहिए। यदि आपकी आय अधिक नहीं हैं, तो खर्चे भी कम करें अन्यथा आर्थिक स्थिति डगमगा सकती है। इसलिए व्यक्ति को अपनी आय और व्यय पर हमेशा विचार करते रहना चाहिए।

### सीखना ना छोड़ें

नीति शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति को कभी भी जीवन में सीखने की कला को नही छोड़ना चाहिए। जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर सीखना जरूरी है। इसलिए कुछ अच्छा सीखने को मिलता है, तो जरूर सीखना चाहिए।

### मेहनत

सफलता के शिखर पर पहुंचने के लिए इंसान को हमेशा कड़ी मेहनती करनी चाहिए। नीति शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति को कभी भी दूसरों के भरोसे नहीं बैठना चाहिए। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए आप खुद ही ईमानदारी से मेहनत करें।



## सीनियर प्लेट ग्रुप क्रिकेट में जारी है रोमांचक दौर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमें भाग ले रही है। 21 से 23 फरवरी की श्रृंखला में शनिवार को दूसरे दिन 3 मैच खेले गये।

### दंतेवाडा के विरुद्ध बस्तर की 142 रनों से जीत

ग्रुप बी का तीसरा तीन दिवसीय मैच बस्तर एवं दंतेवाडा के मध्य धमतरी में खेला गया। बस्तर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। दंतेवाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 37 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 84 रन बनाये। दंतेवाडा की ओर से सक्षम शर्मा ने सर्वाधिक नाबाद 21 रन बनाये। वहीं बस्तर की ओर से सौरभ मजूमदार ने 5 विकेट, उत्कर्ष ठाकुर तथा पलाश मंडल ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। बस्तर ने अपनी पहली पारी में 69 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 281 रन बनाये। बस्तर की ओर से अनस खान ने 57 रन तथा आदित्य गुहा ने 44 रनों का योगदान दिया। दंतेवाडा की ओर से अनूप सिंह ने 5 विकेट तथा विजय कुमार ने 4 विकेट प्राप्त किये। दंतेवाडा अपनी दूसरी पारी में 22.4 ओवरों में 5 रन बनाकर आलआउट हो गयी। दंतेवाडा की ओर से सक्षम शर्मा ने सर्वाधिक 25 रन बनाये। बस्तर की ओर से अनस खान ने 5 विकेट तथा पलाश मंडल ने 3 विकेट प्राप्त किये। बस्तर ने मैच एक पारी तथा 142 रनों से जीत लिया।

### कांकेर के विरुद्ध राजनांदगांव की 150 रनों से जीत

ग्रुप बी का चौथा तीन दिवसीय मैच राजनांदगांव एवं कांकेर के मध्य कांकेर में खेला गया। कांकेर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। राजनांदगांव ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 87.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 374 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से वैदिक मधुकर ने 90 रन तथा प्रतिक त्रिपाठी ने 79 रन बनाये। वहीं कांकेर की ओर से हर्ष यादव, अभिषेक कोर्राम, विवेक कुमार तथा शशांक नेताम ने 2-2 विकेट प्राप्त हासिल किए। कांकेर ने अपनी पहली पारी में 50.3


धमतरी के शशांक ने बनाए 122 रन

ओवरों में 10 विकेट खोकर मात्र 105 रन ही बनाये। कांकेर की ओर से तनिष्क कश्यप ने 39 रन तथा अजय नेताम ने 23 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से गौरव मिश्रा ने 4 विकेट तथा देवराज साहु ने 3 विकेट प्राप्त किये। फॉलोआन खेलने उतरी कांकेर ने अपनी दूसरी पारी में 33.4 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 119 रन ही बनाये। कांकेर की ओर से तौकीर ने सर्वाधिक 23 रन बनाये वहीं राजनांदगांव की ओर से उज्जवल दीवान ने 5 विकेट चटकाये। राजनांदगांव ने मैच एक पारी तथा 150 रनों से जीत लिया।

### धमतरी के विरुद्ध कोरबा 67 रनों से आगे

ग्रुप डी का दूसरा तीन दिवसीय मैच कोरबा एवं धमतरी के मध्य दल्ली राजहरा में खेला गया। कोरबा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। धमतरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 83.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 288 रन बनाये। धमतरी की ओर से शशांक तिवारी ने सर्वाधिक 122 रन तथा खेमकरन फरीकार ने 119 रन बनाये। वहीं कोरबा की ओर से प्रतीक भारती एवं दुर्गेश साहु ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। कोरबा ने अपनी पहली पारी में 35.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाये। कोरबा की ओर से पुष्पराज सिदार ने सर्वाधिक 51 रनों का योगदान दिया। वहीं धमतरी की ओर से खेमकरन फरीकार ने 3 विकेट, नवदिप तथा भूषण यादव ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। फॉलोआन खेलने उतरी कोरबा ने अपनी दूसरी पारी में दूसरे दिन की समाप्ति तक 55.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 250 रन बनाये। कोरबा की ओर से डेसमंड डग्लस ने 58 रन तथा सुमित अग्रवाल ने 48 रनों का योगदान दिया। धमतरी की ओर से शशांक तिवारी तथा भूषण यादव ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक कोरबा 67 रनों से आगे है।

## आपके इंडक्शन पर भी बनेगी फूली हुई रोटियां



अक्सर लोगों के साथ यही परेशानी आती है कि इंडक्शन पर गैस की तरह फूली हुई रोटियां नहीं बन पाती है। आपके साथ भी बिल्कुल ऐसा ही होता होगा। पराठे, पूड़ी आदि तो इसपर फूल जाती हैं, लेकिन रोटी बनाने में काफी दिक्कत होती है। ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल में एक ऐसी ट्रिक बताने जा रहे हैं। जिसकी मदद से आप मिनटों में फूली हुई रोटियां इंडक्शन पर भी बना सकती हैं।

### ऐसे बनाएं इंडक्शन पर फूली हुई फुलकी

इसके लिए आपको सबसे पहले इंडक्शन पर तवा रखना होगा। फिर तवे को अच्छी तरह गर्म कर लें।गर्म तवे पर रोटी को दोनों तरह से हल्का सेंक लें। इसके बाद रोटी हटाकर उसपर स्टील की जाली रखें। इस स्टील की जाली पर आपको अब रोटी रखनी है और सिकने देना है। एक तरफ से सिक जाने के बाद चिमटे की मदद से इसे दूसरी तरफ से भी सेकें। आपकी चपाती एकदम फूल जाएगी।

## दक्षिण मुखी घरों को माना जाता है अशुभ घर बनाने से पहले जानिए इसका आधार

### दक्षिणमुखी घर को क्यों माना जाता है अशुभ

कई संस्कृतियों में दक्षिणमुखी घरों को अक्सर दुर्भाग्य लाने वाला माना जाता है। इस धारणा के पीछे कई कारण हैं और वास्तु की मानें तो घर की दिशा उसकी समग्र ऊर्जा और निवासियों पर प्रभाव को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

यदि दक्षिण मुखी घरों की बात करें तो इस तरह के घरों में धूप कम आती है जिससे घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास होने लगता है। मान्यता है कि सूर्य की ऊर्जा का प्रवेश कम होने की वजह से इस तरह के घरों में रहने वालों के लिए वित्त और व्यक्तिगत समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

### वास्तु शास्त्र और दक्षिण मुखी घरों पर इसका प्रभाव

वास्तु शास्त्र एक प्राचीन वास्तुशिल्प सिद्धांत है जो हिंदू परंपराओं में गहराई से निहित है। यह मकानों के निर्माण के विभिन्न पहलुओं के लिए दिशा निर्देश निर्धारित करता है। वास्तु की मानें तो घर का मुख जिस दिशा में है, वह उसमें प्रवाहित होने वाली ऊर्जाओं को प्रभावित कर सकता है।



दक्षिणमुखी घरों को अक्सर अशुभ माना जाता है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि वे ऊर्जा के प्राकृतिक प्रवाह के विपरीत होते हैं। वहीं इसके विपरीत उत्तर दिशा को घर के लिए सबसे अनुकूल दिशा माना जाता है, क्योंकि यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बढ़ावा देती है। दूसरी ओर, दक्षिण दिशा को नकारात्मक ऊर्जा से जुड़ा हुआ माना जाता है, यही वजह है कि कभी-कभी दक्षिण मुखी घर बनाने से मना किया जाता है।

### दक्षिण दिशा को यम की दिशा माना जाता है

यदि हम वास्तु से हटकर ज्योतिष की बात करते हैं तो मान्यता है कि दक्षिण दिशा को यम की दिशा कहा जाता है और जो घर इस दिशा की तरफ होते हैं उनमें रहने वाले लोगों को वित्त और रिश्तों से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस दिशा को पितरों की दिशा भी माना जाता है, इसलिए इस दिशा में घर बनवाने की मनाही होती है।

यदि हम विज्ञान की मानें तो घर की दिशा का उसमें रहने वालों के जीवन में किसी तरह का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कोरियाई अभिनेत्री किम की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत, 'ब्लडहाउंड्स' में आई थीं नजर



दक्षिण कोरियाई अभिनेत्री किम से-रॉन का 24 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। 16 फरवरी को कोरियाई मीडिया में अभिनेत्री की मौत का दावा किया गया। कथित तौर पर वह सियोल के सेओंगडोंग-गु में अपने घर पर मृत पाई गईं। किम को हाल ही में नेटफ्लिक्स शो ब्लडहाउंड्स में देखा गया था।

कोरिया हेराल्ड ने दावा किया कि किम का शव उनके दोस्त ने अभिनेत्री के घर पर देखा, जिसने रविवार को शाम 4:50-5:00 बजे के आसपास पुलिस को फोन किया। पुलिस ने उसके अपार्टमेंट में किसी भी तरह की गड़बड़ी या तोड़फोड़ के संकेत से इनकार किया और उसकी मौत के कारणों की जांच कर रही है। इस मामले में एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'अभी तक बाहरी घुसपैठ या अन्य आपराधिक संदेह के किसी सबूत की पुष्टि नहीं हुई है। मौत की परिस्थितियों की जांच की जा रही है।' किम एक डीयूआई मामले में उलझी हुई थी और एक साल से ज्यादा समय से कम प्रोफाइल रख रही थी। मई 2022 में एक बिजली के ट्रांसफार्मर से टकराने के बाद शराब के नशे में गाड़ी चलाने के लिए पुलिस ने उन पर मामला दर्ज किया था। ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने की वजह से पड़ोस में बिजली गुल हो गई थी। उसके खून में एल्कोहल की मात्रा 0.2 प्रतिशत तक होने की वजह से उनका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिया गया था। अभिनेत्री को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में उन्होंने अपनी एजेंसी और एक हस्तलिखित पत्र के जरिए इस घटना के लिए माफी मांगी। उन्होंने नुकसान उठाने वालों को मुआवजा भी दिया।

### टॉलीवुड

## फिर बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ाने आ रहे तेजा सज्जा, आ रही है 'मिराई'




साल 2024 में तेजा सज्जा ने फिल्म 'हनुमान' से खूब चर्चा बटोरी। कम बजट की इस फिल्म ने साउथ से लेकर हिंदी पट्टी तक जमकर कमाई की। तेजा अब इस साल फिल्म 'मिराई' के जरिए दर्शकों तक पहुंचने को तैयार हैं। पैन इंडिया स्टार बन चुके तेजा सज्जा की इस फिल्म की रिलीज डेट का आज शनिवार को एलान हो चुका है। फिल्म 'मिराई' इस साल अगस्त में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म 01 अगस्त 2025 को रिलीज होगी। आज फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए तेजा सज्जा ने यह जानकारी दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। फिल्म 'मिराई' का निर्देशन कार्तिक घट्टमनेनी कर रहे हैं।

फिल्म 'हनु-मान' ने तेजा सज्जा को पैन इंडिया स्टार बना दिया। उनकी फिल्म 'मिराई' का भी दर्शकों को इंतजार है। यह एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म बताई जा रही है। कार्तिक घट्टमनेनी के निर्देशन में बनी फिल्म को टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में तेजा सज्जा के अलावा मनोज मांचू और ऋतिका नायक भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी।

तेजा सज्जा की इस फिल्म को आठ भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। इसे तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, मराठी और चीनी भाषा में दर्शकों तक पहुंचाए जाने की तैयारी है। फिल्म 'हनुमान' से तेजा का जादू दर्शकों पर खूब चला, ऐसे में उनकी इस फिल्म से भी एक बड़े दर्शक वर्ग की उम्मीदें बंधी हैं।

### छॉलीवुड

## धूम मचा रहा 'मानव मार्केट' का गीत 'तेरे नैना बावरे'



भिलाई टाकीज पिक्चर्स, वान्या फिल्म्स प्रोडक्शन और निम्स फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी हिंदी फीचर फिल्म 'मानव मार्केट' का अगला बहुप्रतीक्षित गीत 'तेरे नैना बावरे' 18 फरवरी को सोनोटेक म्युज़िक कम्पनी के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ हो चुका है। रिलीज़ होते ही इस गाने को दर्शकों का बेहतरीन रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस फिल्म के लेखक-निर्देशक गुलाम हैदर मंसूरी और निर्माता कैलाश चंद्र अग्रवाल, निम्मी रोशन सवाने और गुलाम हैदर मंसूरी हैं। फिल्म 'मानव मार्केट' स्वास्थ्य सेवा के नाम पर हो रहे व्यापार को उजागर करने की एक कोशिश है, जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी। गाने 'तेरे नैना बावरे' का संगीत और कम्पोजिंग सेराज अहमद ने की है, वहीं गाने के बोल गुलाम हैदर मंसूरी ने लिखे हैं। इस गीत को अपनी सुरीली आवाज में जोहेब अहमद ने गाया है। गाने की म्युजिक अरेंजमेंट और प्रोग्रामिंग में जोहेब अहमद, सेराज अहमद और युगल किशोर सिन्हा का योगदान है। इस गाने को गो-ऑन म्युजिक मुम्बई स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया है। कोरियोग्राफी की जिम्मेदारी सुहान खां ने संभाली है, जिन्होंने गाने को बेहतरीन विजुअल अपील दी है। 'मानव मार्केट' का पिछला गीत 'कलयुग के भगवान' पहले ही दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो चुका है, और अब 'तेरे नैना बावरे' एक अलग हटकर रोमांटिक सूफी गाने के रूप में आया है। इस गाने की मेलोडी और सूफियाना अंदाज दर्शकों को खासा पसंद आ रहा है। फिल्म 'मानव मार्केट' को जल्द ही सिनेमाघरों में भी रिलीज़ किया जाएगा। इसके अलावा, फिल्म के सभी गीतों को क्रमशः सोनोटेक कैसेट कंपनी के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया जाएगा।

## पुर्तगाल का जलवा

पुर्तगाल का फैशन यूरोप को प्रभावित करता है। न्यूयार्क फैशन वीक में पिछले दिनों 'चेरी गर्ल' का सौंदर्य छाया रहा। चेरी गर्ल जीवंत लाल, गहरे गुलाबी और जीवन के रसीले पक्ष को लाती है। इसी तरह मेटेलिक डिजाइन के कपड़े और होलोग्राफिक फिनिश का भी जवाब नही। यह एक ऐसा चलन है जो स्टाइल के साथ-साथ इनोवेशन के बारे में भी है। इसे भरपूर तारीफ मिली।





लाइफ स्टाइल

## किचन में पड़ी इन सब्जियों से हटाएं टैनिंग, चमक उठेगा चेहरा

बाजार में टैनिंग हटाने के कई प्रोडक्ट उपलब्ध हैं, लेकिन अगर आप प्राकृतिक और घरेलू उपाय अपनाना चाहते हैं, तो आपकी रसोई में मौजूद कुछ सब्जियां बेहद फायदेमंद साबित हो सकती हैं। ये न सिर्फ टैनिंग को हल्का करती हैं, बल्कि त्वचा को पोषण देकर उसे चमकदार भी बनाती हैं।

**आलू:** आलू में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं, जो टैनिंग और काले धब्बों को हल्का करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद एंजाइम और एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को निखारते हैं।

**उपयोग का तरीका:** आलू को कद्दूकस कर उसका रस निकालें और प्रभावित हिस्से पर 15-20 मिनट तक लगाकर धो लें। चाहें तो आलू के स्लाइस को सीधे टैनिंग वाली जगह पर रगड़ सकते हैं।

**टमाटर:** टमाटर में लाइकोपीन नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में मदद करता है। यह त्वचा को एक्सफोलिएट करके उसे साफ और चमकदार बनाता है।

**उपयोग का तरीका::** टमाटर का रस निकालकर टैनिंग वाली जगह पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें। अधिक प्रभाव के लिए टमाटर और दही का पेस्ट बनाकर लगाएं।

**खीरा:** खीरे में ठंडक पहुंचाने और हाइड्रेट करने वाले गुण होते हैं, जो धूप से झुलसी त्वचा को राहत देते हैं। यह त्वचा को ताजगी देकर टैनिंग को कम करता है।

**उपयोग का तरीका::** खीरे को कद्दूकस करके या रस निकालकर



टैनिंग प्रभावित त्वचा पर लगाएं। बेहतर परिणाम के लिए इसमें गुलाब जल मिलाकर लगाएं।

**नींबू:**नींबू में प्राकृतिक एसिड होता है, जो डेड स्किन हटाकर टैनिंग को हल्का करने में मदद करता है।

**उपयोग ा तरीका::** ताजा नींबू का रस टैन वाली जगह पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद धो लें। शहद मिलाकर लगाने से त्वचा ज्यादा मॉइस्चराइज रहेगी। नींबू लगाने के बाद तुरंत धूप में न जाएं, वरना त्वचा ज्यादा संवेदनशील हो सकती है।

## जींस के साथ स्टाइल करें शर्ट स्टाइल कॉलर टॉप, मिलेगी भरपूर तारीफ




अगर आप ऑफिस में फॉर्मल और कहीं घूमने के दौरान कैजुअल चाहती हैं तो आप इस तरह का टॉप स्टाइल कर सकती हैं जो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। ऑफिस में फॉर्मल लुक के लिए टॉप बेस्ट ऑप्शन है साथ ही, फॉर्मल लुक पाने के लिए के लिए महिलाएं टॉप स्टाइल करती हैं। लेकिन, अगर आप जींस में कैजुअल या फॉर्मल लुक चाहती हैं तो आप शर्ट स्टाइल कॉलर टॉप वियर कर सकती हैं। इस तरह के टॉप जहां अप घूमने के दौरान वियर कर सकती हैं तो वहीं इस टॉप को आप ऑफिस में वियर कर सकती हैं। इस तरह के टॉप न्यू लुक पान के लिए बेस्ट है तो वहीं इन टॉप में आपका लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा।



### कॉलर ग्राफिक प्रिंट टॉप

जींस के साथ आप न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह के कॉलर ग्राफिक प्रिंट टॉप का चुनाव कर सकती हैं। यह टॉप व्हाइट कलर में है और साथ इसमें प्रिंट करके बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है। इस तरह के टॉप आप जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं और इसे आप 300 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

अगर आप स्टाइलिश लुक चाहती है तो आप इस तरह की सॉलिड प्रिंट टॉप भी स्टाइल कर सकती हैं और इस टॉप में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

### फ्लोरल प्रिंट टॉप

स्टाइलिश और न्यू लुक के लिए अप इस तरह का फ्लोरल प्रिंट टॉप का भी चुनाव कर सकती है। यह टॉप डार्क कलर में है साथ ही इसमें बेहद ही खूबसूरत फ्लोरल पैटर्न में डिजाइन बनाया गया है। और टॉप को ऑफिस साथ ही बाहर कहीं आउटिंग के दौरान भी वियर कर सकती हैं। यह टॉप आपको 200 से 300 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। फ्लोरल पेटर्न में न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह के टॉप का भी चुनाव कर सकती हैं और इस टॉप में आपका लुक बेहद ही अलग नजर आएगा।

### प्लेन टॉप

ऑफिस में पहनने के लिए आप इस तरह के कालर वाले टॉप का भी चुनाव कर सकती हैं। ये टॉप प्लेन है साथ ही, ये पफ स्लीव्स में आता है।

## साड़ी और सूट के साथ स्टाइल करें लेटेस्ट डिजाइंस वाले कंगन

सूट या साड़ी के साथ अपने लुक को कम्पलीट करने के साथ ही स्टाइलिश लुक पाने के लिए महिलाएं ज्वेलरी स्टाइल करती हैं। इसी के साथ महिलाएं हाथों में चूड़ी स्टाइल करना पसंद करती हैं। लेकिन, अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं और रॉयल लुक भी चाहती हैं तो आप कंगन स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइन वाले कंगन दिखा रहे हैं जो आप सूट या साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह कंगन लेटेस्ट डिजाइंस में है और इन कंगन को स्टाइल करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आएगा।

### स्टोन वर्क कंगन

न्यू लुक के लिए आप इस तरह के स्टोन वर्क कंगन स्टाइल कर सकती है। इन कंगन में बेहद ही खूबसूरत स्टोन वर्क किया हुआ है साथ ही ये गोल्ड प्लेटेड में है। इस तरह का स्टोन वर्क कंगन आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही, ऑफलाइन भी ये कंगन 200 से 300 रुपये की कीमत में मिल सकते हैं।

अगर आप कुछ न्यू डिजाइन में कुछ चाहती हैं तो आप इस तरह के कंगन स्टाइल



कर सकती हैं और इस कंगन में को लाइट या ब्राइट कलर के सूट या साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### कुंदन वर्क कंगन

सूट या साड़ी के साथ आप इस तरह के कुंदन वर्क वाली कंगन स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के कंगन न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस कंगन को स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। इस कंगन को आप 200 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस तरह के कंगन आप डार्क कलर की साड़ी या फिर ब्लैक सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

## बालों के लिए इस्तेमाल करें लौंग का पानी, एक्सपर्ट से जानें इसके फायदे

जब भी हम किसी के लंबे और घने बाल देखते हैं, तो अपने बालों को देखकर अजीब लगता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमारे बाल खराब से नजर आते हैं। इसका कारण होता है बालों की सही तरीके से केयर न करना। साथ ही, हिटिंग टूल्स को ज्यादा इस्तेमाल करना। ऐसे में जरूरी है कि आप बाजार की चीजों का कम इस्तेमाल करें और घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल ज्यादा करें। लौंग इसमें से एक है, जिसे ट्राई करने के लिए एक्सपर्ट की सलाह देते हैं। इसके पानी को बनाने और इसे लगाने के तरीके को हमारे साथ डॉक्टर स्वाति ने शेयर किया। जिसे आप भी ट्राई कर सकते हैं। साथ ही, इसके फायदे भी जानें।

### लौंग के पानी के फायदे

बालों को हेल्दी रखना है, तो आपको घरेलू चीजों का इस्तेमाल सबसे ज्यादा करना चाहिए। लौंग के पानी को आप अपने बालों में लगा सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो बालों के स्वास्थ्य को बढ़ावा



देने में मदद करते हैं। इससे आपके बालों की ग्रोथ, स्कैल्प की देखभाल और बालों के झड़ने की समस्या कम हो जाती है। इसे आप घर पर कभी भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

एक कप पानी में 4 से 5 लौंग डालें। अब इस पानी को अच्छे से उबाल लें। फिर पानी को ठंडा होने के बाद छानकर एक जार में स्टोर कर लें।


कार्नर न्यूज

ऑनलाइन खरीददारी में बरतें सावधानी

## ऑनलाइन खरीद रहे हैं टी-शर्ट तो इन बातों का रखें ध्यान, वरना पैसे बर्बाद

अगर आप टी-शर्ट ऑनलाइन खरीदने की सोच रहे हैं, तो इन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान जरूर रखें ताकि आपको सही फिटिंग, अच्छी क्वालिटी और बेहतरीन डील मिल सके।

एक समय था, जब लोग हर छोटी-बड़ी चीज खरीदने के लिए बाजार जाया करते हैं और अच्छी तरह से देखभाल के बाद ही खरीदारी किया करते थे। लेकिन अब समय पूरी तरह से बदल गया है। आज के समय लोग एक क्लिक पर सामान खरीद लेते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग का भूत लोगों के सिर चढ़कर इस कदर बोल रहा है कि अब तो लोग कपड़ों से लेकर सब्जियां भी ऑनलाइन ही खरीदते हैं। पर, क्या आप जानते हैं ऑनलाइन कपड़े खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। यहां हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं। आज हम आपको बताएंगे कि यदि आप ऑनलाइट टीशर्ट खरीद रहे हैं तो किन बातों का ध्यान रखें, ताकि आपके पैसे बर्बाद होने से बच जाएं।



### चेक करें साइज चार्ट

टीशर्ट खरीदते समय ये ध्यान रखें कि हर ब्रांड का साइज अलग होता है। इसलिए सबसे पहले साइज चार्ट को अच्छी तरह से पढ़ लें। इसकी तुलना अपने शरीर से सही नाप से करें और फिर उसके बाद ही ऑर्डर करें।

अगर आप ढीली टी-शर्टपसंद करते हैं, तो एक साइज बड़ा चुन सकते हैं।

### फैब्रिक के बारे में पढ़ें

टी-शर्ट खरीदते समय उसके फैब्रिक के बारे में पढ़ें। गर्मियों का मौसम आने जा रहा है, ऐसे में टी-शर्ट का फैब्रिक आरामदायक और टिकाऊ होना जरूरी है। गलत फैब्रिक चुनने से आपको इसे पहनने में दिक्कत हो सकती है।

### प्रोडक्ट रिव्यू देखें

जब भी ऑनलाइन कुछ खरीद रही हैं तो उसके रिव्यू अवश्य पढ़ें और असली तस्वीरों पर एक नजर अवश्य डालें। जो भी टीशर्ट खरीद रहे हैं वो कम से कम 4 स्टार रेटिंग वाली होनी चाहिए । अगर किसी ने फोटो के साथ रिव्यू दिया है, तो उसे जरूर देखें, ताकि आप सही चीज पर पैसे इंवेस्ट करें।

### कलर और प्रिंट का चुनाव सही करें

कई सेलर रिटर्न का विकल्प नहीं देते हैं। इसलिए सोच-समझ के ही टीशर्ट के रंग का चयन करें। जैसे कि डार्क कलर (ब्लैक, नेवी ब्लू, डार्क ग्रे) काफी स्टाइलिश लगते हैं ।

